सावन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 08 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

11 जुलाई 2025 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

25 अधिकतम

18 न्यूनतम



Page-7

### सिटीज ऑफ टुमॉरो के लिए इंदौर में ग्रोथ कॉन्क्लेव

# शहरों की सूरत बदलने का खाका बनाने मुख्यमंत्री संग बैठे देशभर के निवेशक

**भोपाल/इंदौर,दोपहर मेट्रो**

मप्र में निवेश के लिये रीजनल से लेकर ग्लोबल समिट तथा रोड शो के जरिए तलाशी जा रही हरसंभव संभावनाओं के बीच अब राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 - सिटीज ऑफ टुमॉरो के नाम से नई तलाश शुरू की है।

आज इंदौर में मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इस नये अनुष्ठान की शुरूआत हुई है। दरअसल सरकार का मानना है कि मप्र में मेट्रो, ई-बस, मल्टी मॉडल हब, अफोर्डेबल हाउसिंग, वॉटरफ्रंट डेवेलपमेंट, सीवेज नेटवर्क, ई-गवर्नेंस, स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट रोड्स जैसे क्षेत्रों में निवेश की असीम संभावनाएँ उभरी हैं। लिहाजा इंदौर में ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन हुआ है। इसमें सीएम मोहन यादव करीब पांच घंटे रहेंगे तथा होटल, पर्यटन, रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख





निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। यह आयोजन शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित है। इसमें देश के 1500 से अधिक निवेशकों, उद्योगपतियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। सीएम 5 सेक्टर में 12 हजार 360 करोड़ की सौगात देंगे।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में इन क्षेत्रों से जुडे 20 उद्योगपति निवेशकों से वन टू वन कर रहे हैं। यह पूरी कवायद शहरी विकास के ब्लूप्रिंट और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव स्थल पर पहुँचकर एक्जीबिशन का अवलोकन व देशभर से आए विशिष्ट अतिथियों के साथ बैठक में शामिल हो रहे हैं।

इस कॉन्क्लेव में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नगरीय प्रशासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन में क्रेडाई, नगर निगम, आईडीए, स्मार्ट सिटी, हाउसिंग बोर्ड, मैट्रो, हुडको, एलआईसी सहित कई संस्थाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।


## आधुनिक तकनीक व हरित शहरीकरण की थीम

बताया जाता है कि इस कॉन्क्लेव में चार तकनीकी-सत्र रखे गये हैं जिनमें 'शहरी उत्कृष्टता के लिए आधुनिक तकनीक, विकास के केंद्र के रूप में शहर, भविष्य के लिए सतत हरित शहरीकरण और भविष्य के शहरों की यातायात व्यववस्था' जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री एमपी लॉकर, ईटी अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन समिट ब्रोशर का विमोचन, एमओयू साइनिंग और 'सौगात' का उद्घाटन एवं अनावरण करेंगे। वह निवेशकों को प्रशस्ति-पत्र भी भेंट करेंगे। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के शहरीकरण में निवेश अवसरों पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मप्र में अफोर्डेबल हाउसिंग में 8 लाख 32 हजार से अधिक किफायती आवास तैयार हैं और 10 लाख से अधिक पर कार्य जारी है, इनमें लगभग 50 हजार करोड़ का निवेश संभावित है। रियल इस्टेट योजनाओं के लिये मानव संसाधन उपलब्ध हैं। स्थानीय निकायों में 23 सेवाएं ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई हैं।

### 75 पर बोले संघ प्रमुख भागवत

# शॉल ओढाई जाए तो समझें उम्र हो गई दूसरों को मौका दें

**नागपुर, एजेंसी।**



भाजपा के भीतर चलती रहने वाली बहस को अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नयी धार दी है। उन्होंने कहा है कि 75 की उम्र होने के बाद दूसरों को भी अवसर देना चाहिए, क्योंकि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है तो इसका मतलब होता है कि हमारी उम्र हो चुकी है, अब थोड़ा किनारे हो जाना चाहिए। भागवत ने ये बातें हाल में रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहीं है। हालांकि भागवत ने अपने बयान में पीएम मोदी का नाम नहीं लिया लेकिन अब विपक्ष इसे प्रधानमंत्री से जोड़ रहा है। मोदी इस साल सितंबर में 75 साल के हो जाएंगे। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा- पीएम मोदी ने आडवाणी, मुरली मनोहर, जसवंत सिंह जैसे बड़े नेताओं को जबरन रिटायरमेंट दिला दिया था। अब देखते हैं क्या मोदी इसका खुद पालन करेंगे या नहीं।

दरअसल, भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर बने रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है। हालांकि, कुछ स्तरों पर उम्र सीमाएं लागू मानी जाती है। मसलन भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 75 साल से अधिक उम्र के कई वरिष्ठ नेताओं को टिकट नहीं दिया था। इसमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन, कलराज मिश्र, जैसे कई नेता शामिल थे।

### 75 की उम्र में भाजपा ने कई नेताओं को किया रिटायर

भाजपा ने 75 साल की उम्र पर कई नेता भी रिटायर किए हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद पीएम बने नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में इससे कम उम्र के नेताओं को ही जगह दी थी। तब आडवाणी और जोशी को मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया। 2016 में जब गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल ने इस्तीफा दिया तो उस समय उनकी उम्र भी 75 साल थी। उसी साल नजमा हेपतुल्लाह ने भी मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दिया, जिनकी उम्र 76 साल थी। हालांकि 2019 लोकसभा चुनाव से पहले तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने एक इंटरव्यू में कहा था कि – 75 साल से ऊपर के किसी भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया गया है। यह पार्टी का फैसला है। फिर 2024 में जब केजरीवाल ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव जीत गई तो मोदी अगले साल तक ही प्रधानमंत्री रहेंगे।

## 4 दिन लेट, शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी अब 14 को

**नई दिल्ली।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौट रहे हैं। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने कहा है कि एक्सियम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। एक्सियम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था।



ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। इससे पहले 6 जुलाई को शुभांशु की कुछ तस्वीरें सामने आईं थीं। जिसमें शुभांशु कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे थे। कपोला मॉड्यूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।

## ब्रिटिश फाइटर जेट की मरम्मत, जल्द होगी भारत से वापसी

**तिरवंतनपुराम।** ब्रिटिश फाइटर जेट की मरम्मत करके अगले हफ्ते तक ब्रिटेन भेजने के आसार हैं। हाइड्रोलिक फेल होने की वजह से जेट उड़ान नहीं भर पा रहा था। अगले कुछ दिनों में विमान उड़ान भरने लायक स्थिति में आ जाएगा। एक भारतीय अधिकारी ने एपी को यह जानकारी दी। विमान ठीक करने के लिए 25 इंजीनियरों की टीम 6 जुलाई को ब्रिटेन से भारत पहुंची थी। यह 14 जून की रात जॉइंट समुद्री अभ्यास के तहत अरब सागर के ऊपर नियमित उड़ान पर था। खराब मौसम और कम ईंधन की वजह से केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। 918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है।



### मौसम के तेवर: इटावा में छात्रों की बस पानी में फंसी

# मप्र में नदियां खतरे के निशान पर, बांध छलके

**नई दिल्ली।, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के इटावा में आज भारी बारिश के कारण रेलवे अंडरपास में पानी भर गया। इसमें सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्टाफ और छात्राओं से भरी बस 6 फीट गहरे पानी में फंस गई। बस में सवार 24 से अधिक लोगों को एक घंटे बाद बचाया गया। उधर हिमाचल प्रदेश में मानसून की तेज बारिश जारी है। पिछले 9 दिनों में बारिश, बादल फटने और लैंडस्लाइड से 46 लोगों की मौत हुई हैं। हालांकि, इनमें से ज्यादातर लोगों ने बारिश से खराब सड़कों पर हुए एक्सीडेंट में जान गंवाई है। बारिश के चलते हिमाचल में 208 सड़कें बंद हैं। इनमें मंडी-धरमपुर नेशनल हाईवे 3 भी शामिल है जो पंजाब के अटारी को लद्दाख के लेह से जोड़ता है। इधर, सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश जारी है। इससे सुदूर युकसोम कस्बे में लकड़ी के दो पुल टूट गए हैं।

### मप्र: 20 जिलों में हैवी रैन

मौसम विभाग के अनुसार आज मध्य प्रदेश और राजस्थान के पूर्वी इलाके में तेज बारिश होगी। दोनों राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मध्यप्रदेश में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए 20 जिलों में अति भारी बारिश और 12 जिलों में भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। जिन जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, उनमें जबलपुर, पन्ना, सतना, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल और नर्मदापुरम जिले शामिल हैं। नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कई गांवों में बाढ़ के हालात हैं। शिवपुरी और ग्वालियर की सीमा पर बना हरसी बांध लबालब है। बांध से पानी का ओवरफ्लो होना शुरू हो गया है।

## हनी ट्रैप : कमलनाथ को सीडी मामले में कोर्ट से राहत

**इंदौर एजेंसी।** करीब पांच साल पहले मध्यप्रदेश के राजनीतिक व प्रशासनिक गलियारों मे सनसनी मचा देने वाले चर्चित हनी ट्रैप मामले की सीडी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को हाईकोर्ट की इंदौर बेंच से राहत मिली है। उनके खिलाफ दायर जनहित याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। एडवोकेट भूपेंद्रसिंह कुशवाह द्वारा दायर याचिका में कहा गया था कि नाथ ने खुद एक साक्षात्कार में कहा था कि उनके पास हनी ट्रैप मामले की सीडी है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि नाथ को आदेश दिया जाए कि वे सीडी एसआईटी को उपलब्ध कराएं। जस्टिस विवेक रुसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की युगलपीठ ने भाजपा नेताओं की पैन ड्राइव होने के बयान के सबूत नहीं होने के चलते याचिका खारिज की । कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने प्रकाशित खबरों के आधार पर याचिका दायर की है। किसी राजनेता के राजनीतिक बयान को गंभीरता से नहीं लिया जा सकता।



### अहमदाबाद प्लेन क्रेश में नया दावा

# फ्यूल स्विच बंद होने से हवा में बेबस हुआ ड्रीमलाइनर

**नई दिल्ली।, एजेंसी।**

गत महीने अहमदाबाद प्लेन क्रैश की शुरुआती जांच में अभी तक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में कोई तकनीकी खराबी सामने नहीं आई है। वॉल स्ट्रीट जनरल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। हालांकि इसकी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भी आज या कल सार्वजनिक होने वाली है मगर उसके पहले अमेरिकी मीडिया संस्थान के मुताबिक, प्लेन के दोनों इंजनों में फ्यूल सप्लाई कंट्रोल करने वाले स्विच बंद कर दिए गए थे, जिससे टेकऑफ के तुरंत बाद इंजन में ताकत (थ्रस्ट) खत्म हो गई। पायलट आमतौर पर इन स्विच का इस्तेमाल इंजन चालू करने, बंद करने या किसी आपात स्थिति में रीसेट करने के लिए करते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में मामले की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो कर रही है। नियमों के मुताबिक, हादसे के 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट अपलोड करनी होती है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।



### दोनों इंजन के फ्यूल स्विच के मूवमेंट की जानकारी आई सामने

अमेरिका की एविएशन वेबसाइट दि एयर कंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लैक बॉक्स के शुरुआती डेटा में दोनों इंजन के फ्यूल स्विच के मूवमेंट की जानकारी सामने आई है। अभी यह साफ नहीं है कि यह मूवमेंट पायलट की गलती से हुआ, तकनीकी खराबी के कारण या किसी और वजह से हुआ है। यह स्विच इतना सेंसिटिव नहीं होता कि गलती से हाथ लगने से चालू हो जाए। इसे जमीन पर ही ऑन या ऑफ किया जाता है।

**मेट्रो एंकर**

### बदल रहे हैं नियम, अब सिर्फ ओरिजिनल ही चलेगा

# यूट्यूब सख्त अब क्रिएटिविटी के नाम पर कमाई मुश्किल

**नई दिल्ली।, एजेंसी।**

क्रिएटिविटी के नाम पर कमाई का जरिया बन गए यूट्यूब से पैसा बनाना आसान नहीं रहने वाला है, क्योंकि 15 जुलाई से यूट्यूब की मोनेटाइजेशन पॉलिसी में बड़ा बदलाव होने वाला है। यूट्यूब मास-प्रोड्यूस कंटेंट पर सख्ती बढ़ाने जा रहा है। बदले नियमों के मुताबिक अब यूट्यूब उन्हें ही वीडियो से कमाई करने का मौका देगा जो असली और नया कंटेंट बना रहे हैं। इसकी वजह यह कि यूट्यूब बड़ी संख्या में बनने वाले और एक जैसे वीडियो की पहचान को बेहतर बनाने जा रहा है ताकि ऐसे वीडियो से होने वाली कमाई को कम किया जा सके। यूट्यूब चाहता है कि दर्शकों को हर चैनल की तरह से नया और ओरिजनल कंटेंट मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूट्यूब की नई पॉलिसी के तहत अब अगर कोई क्रिएटर चाहता है कि उसकी वीडियो पैसा कमाए, तो जरूरी होगा कि उसका वीडियो ओरिजनल हो। अगर किसी वीडियो को किसी दूसरी जगह से उठाया जाता है, तो भी उसमें बदलाव करना जरूरी होगा।




दरअसल, यूट्यूब चाहता है कि क्रिएटर्स के वीडियो व्यूज से ज्यादा जानकारी देने या दर्शकों का मनोरंजन करने पर केंद्रित होने चाहिए। यह सख्ती ऐसे कंटेंट पर भी लागू होगी जो,ढ्ढ से बनाए जाते हैं। यूट्यूब यह सब अपने प्लेटफॉर्म से बोरिंग और एक जैसे कंटेंट की सफाई के लिए कर रहा है। यूट्यूब की ओर से इस बारे में जानकारी एक सपोर्ट पेज पर दी है। इस पर बताया गया है कि वह अपनी मॉनेटाइजेशन पॉलिसी को अपडेट करने जा रहे हैं। ऐसा मास-प्रोड्यूस्ड और रिपीट होने वाले कंटेंट की पहचान करने के लिए किया गया है। हाल ही में यूट्यूब और अन्य वीडियो प्लेटफॉर्म्स पर एआई वीडियो की बाढ़ देखने को मिली थी। यूट्यूब के सख्त नियमों का खामियाजा इस तरह के वीडियो को भी भुगतना पड़ सकता है। बताया जा रहा है रिवाइज्ड गाइडलाइन्स में,ढ्ढ से बने वीडियोज भी शामिल हो सकते हैं। यह ऐसे वीडियो होते हैं जहां क्रिएटर्स से जेनरेटेड आवाजों का इस्तेमाल करके किसी और के वीडियोज पर रिएक्ट करते हैं। हालांकि इस पर स्पष्ट जानकारी का फिलहाल इंतजार है।

### शॉट्र्स ने बदल डाला ट्रेंड

यूट्यूब पर एक जैसे वीडियो का ट्रेंड शॉट्र्स की वजह से शुरू हुआ है। साल 2020-2021 में कंपनी ने रील्स जैसे वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म पर पेश किया था। इस तरह के वीडियो को यूट्यूब पर शॉट्र्स नाम दिया गया था। बड़ी बात यह है कि यूट्यूब से पहले इस तरह के वीडियो जिस भी प्लेटफॉर्म पर पॉपुलर थे जैसे कि टिकटॉक, वहां एक जैसा और रिपीट होने वाला कंटेंट आम बात था। अब क्योंकि प्लेटफॉर्म के तौर यूट्यूब का नेचर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म से अलग इसलिए मॉनेटाइजेशन पॉलिसी में बदलाव करके रिपीट होने वाले वीडियो की सफाई यूट्यूब करना चाह रहा है।

# गुरु पूर्णिमा : संतनगर में 'गुरु वंदन', स्कूलों में गूंजी गुरु महिमा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी समेत संतनगर के स्कूलों में गुरु पूर्णिमा पर गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। गुरुजनों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

विद्यासागर पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका मिष्ठी वासवानी ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताया. उन्होंने कहा कि बच्चों के पहले गुरु उनके माता-पिता होते हैं, जो उन्हें चलना, बोलना और जीवन की कई प्रारंभिक बातें सिखाते हैं. उनकी शिक्षिकाएं दूसरे गुरु होती हैं, जो उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अच्छी बातें भी सिखाती हैं। विद्यार्थियों ने शिक्षिकाओं के सम्मान में नृत्य प्रस्तुत किया. गुरु मंत्र, गायत्री मंत्र एवं एक ओंकार की ध्वनि से अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट किया।






## नवयुवक सभा में गुरू वंदना

अनन्दरामटी.शाहानी विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा मनाई गईं। विद्यार्थियों ने गुरू वंदना की। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान ने बताया कि गुरु पुर्णिमा महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप मे मनाया जाता है। जिन्होंने वेदों का विभाजन किया। महाभारत जेसे महान ग्रंथ की रचना की इस दिन को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। गुरु न केवल ज्ञान देते है बल्कि जीवन को सही दिशा भी दिखाते है। सिंधु माध्यमिक प्राचार्या प्रिया धर्मदासानी ने विद्यार्थियों को शिक्षको का सम्मान करने को कहा क्योंकि शिक्षक जीवन मे लाने वाले पहले अक्षर सिखाने वाले माता-पिता के समान होते है। इस अवसर पर एटी विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान, सिंधु माध्यमिक प्राचार्या प्रिया धर्मदासानी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन नेहा चेनानी ने किया।

## गुरु महिमा का बखान किया



साधु वासवानी स्कूल में गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा गुरु की महिमा का गुरु की गरिमा का आओ करें बखान गुरु तेरी हम पर कृपा महान प्रस्तुत की गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि अध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ माता-पिता और गुरु ही ऐसे व्यक्तित्व हैं जो हमें ऊंचाईयों तक पहुंचाते हैं और हमें ऊंचाइयों पर देखकर खुश होते हैं, गुरु के प्रति श्रद्धा होना ही गुरु का सम्मान हैं. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आध्यात्मिक गुरु ब्रह्मकुमारीज प्रीति दीदी, रामधुनी के संचालक अनिल चोटरानी व आध्यत्मिक गुरु किरन दीदी ने कहा कि गुरु हमारे जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं और हमारा भविष्य उज्जवल बनाते हैं। आचार्य चाणक्य गुरु की महिमा को नाट्य प्रस्तुति में मंचन किया गया। साथ ही गुरुर ब्रह्मा, गुरुर विष्णु, गुरुर देवा महेश्वराय नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## एलवीएस में सांस्कृतिक कार्यक्रम



एल.वी.एस. ग्रुप ऑफ स्कूल्स में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने विचारों, नाट्य प्रस्तुतियों और नृत्य के माध्यम से गुरुओं की प्रेरणा और मार्गदर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला. शिक्षिकाओं और प्राचार्या ने गुरुओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि जीवन में माता-पिता और गुरु का आशीर्वाद ही सफलता का मंत्र है. छात्रों ने गुरुजनों को तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया, साथ ही संत हिरदाराम साहिब जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया.

## गुरुनानक मंडल ने गुरु पूर्णिमा पर किया सैकड़ों गुरुजनों का सम्मान

**हिरदाराम नगर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुनानक मंडल ने सिंधी कम्युनिटी हॉल में एक भव्य समारोह आयोजित कर सैकड़ों गुरुजनों को सम्मानित किया. इस खास मौके पर गुरुजनों को शॉल, श्रीफल, उपहार, रुद्राक्ष की माला और शिवपुराण भेंट कर उनका सम्मान किया गया. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि गुरुजन और शिक्षक हमारे जीवन में ज्ञान, संस्कार और सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और गुरु पूर्णिमा हमें उनके प्रति



सम्मान व्यक्त करने का अवसर देती है. मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि यह पर्व हमें उन गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करने का मौका देता है, जिन्होंने हमें जीवन के सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है. महंत श्री अनिलानंद जी महाराज ने गुरुओं के सम्मान और उनके दिखाए मार्ग पर चलने के महत्व पर जोर दिया. इस कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी ज्योति दीदी, राजा शर्मा, सुनील सराठे, मुकेश सोलंकी, संदीप कल्याणे, नरेंद्र ठाकुर, यतिन मकवाना, अजय प्रजापति सहित सैकड़ों गुरुजन उपस्थित थे।

## भाभा विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया गया इस उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि योगा इंस्ट्रक्टर एवं न्यूट्रीशन एक्सपर्ट अनुपम मिश्रा उपस्थित थी जिन्होंने गुरु पूर्णिमा का महत्व और गुरु पूर्णिमा क्यों मनाई जाती हैं ऐसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला एवं गुरु और शिष्य के रिश्ते पर प्रकाश डाला। साथ ही भागवत गीता और श्री भागवतम पर बहुत सुंदर सुवाच्य प्रस्तुत किए




और सभी को अपने वक्तव्य से जोड़े रखा । विश्व विद्यालय के सीईओ प्रसाद पिल्लई, कुलपति डॉ. दिलीप कुमार डे, प्रति कुलपति एन. के अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. श्याम पाटकार सहित सभी संकाय के डीन,डायरेक्टर, प्रिंसिपल व शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बारिश में भर रहा पानी, नाव चलाने जैसे हालात

# ट्रैफिक की समस्या हल करने बनाए गए अंडरब्रिज बारिश में खुद समस्या बने

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजधानी में सुचारू ट्रेफिक और सहज मार्ग उपलब्ध कराने के लिये बने अंडर ब्रिज खुद समस्याग्रस्त नजर आ रहे हैं। बारिश शुरू होते ही शहर के प्रमुख अंडर ब्रिजों में जलभराव की समस्या देखकर ऐसा लग रहा है कि अब इनमें वाहन नहीं बल्कि नावें चलाई जाना चाहिये। इनमें मामूली बारिश में भी इतना पानी भर जाता है कि वाहन चालकों को घंटों इंतज़ार करना पड़ता है या लंबे वैकल्पिक रास्ते अपनाने पड़ते हैं। इन दिनों पुराना सुभाष नगर, ऐशबाग क्षेत्र, और छोला अंडर ब्रिज जैसे क्षेत्रों में हर बार बारिश के दौरान यही स्थिति बन रही हैं। जल निकासी व्यवस्था न होने के कारण बारिश थमने के बाद भी पानी देर तक जमा रहता है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

स्थिति इसलिये भी नहीं सुधर पा रही है क्योंकि शिकायतों के बावजूद नगर निगम और संबंधित विभाग सिर्फ अस्थायी समाधान पर ध्यान देते हैं। हर बार पंप





लगाकर पानी निकाला जाता है, लेकिन कोई स्थायी उपाय नहीं किया जा रहा। इन्हीं समस्याओं के बीच बावड़िया कला में बन रहे नये रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर भी चिंता उभर रही हैं। निर्धारित समय सीमा 30 जून तक इसका कार्य पूरा नहीं हो सका है, और निर्माण पूरा होने से पहले ही इसमें जलभराव की स्थिति बन गई है। वर्तमान में पंप लगाकर पानी निकाला जा रहा है, जिससे यह साफ है कि भविष्य में भी यह ब्रिज बारिश के दौरान मुसीबत बन सकता है।

दरअसल, बावड़िया कला में अंडर ब्रिज को वहां मौजूद रेलवे ओवरब्रिज का ट्रैफिक कम करने और आसपास के क्षेत्र की करीब 15 कॉलोनियों के लोगों को होशंगाबाद रोड की तरफ आवागमन का आसान रास्ता देने के लिए बनाया जा रहा है। लेकिन, हालत यह है कि निर्माण कार्य के दौरान ही इस अंडर ब्रिज में थोड़ी सी बारिश में काफी पानी भर गया। उधर पुराना सुभाष नगर, ऐशबाग, और छोला क्षेत्र में मौजूद अंडर ब्रिज के हालात देखें तो वे गडबड हैं। मुख्य कारण यह है कि इन अंडर ब्रिज में मामूली बारिश होते ही काफी मात्रा में पानी भर जाता है और लोगों का आवागमन करना खतरे से खाली नहीं होता। जबकि तीनों अंडर ब्रिज पर लाखों लोग निर्भर हैं। उल्लेखनीय है कि राजधानी के सबसे पुराना हबीबगंज अंडरब्रिज तमाम समस्याओं के बाद अब इसमें कुछ राहत है। यहां पुराने को बंद कर नया अंडरब्रिज बनाया गया है।

### परिवहन व पुलिस की संयुक्त चैकिंग

# बिना जरूरी अनुमतियों सड़कों पर दौड़ते स्कूल वाहन जब्त



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सात स्कूल वैन और मैजिक वाहन जब्त किए गए हैं। ये सभी वाहन बिना फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट और बीमा के स्कूल बच्चों को लेकर सड़कों पर दौड़ रहे थे। यह कार्रवाई कोलार रोड और चूना भट्टी इलाके में की गई। बताया जाता है कि जब्त किए गए वाहनों में सेंट मैरी स्कूल और मदर टेरेसा स्कूल के छात्र-छात्राएं सवार थे।

कार्रवाई के दौरान सभी वाहनों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात थाना परिसर में निराकरण हेतु खड़ा किया गया। परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने इस कार्रवाई को बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर कदम बताया। उन्होंने कहा, बच्चों को स्कूल ले जाने वाले वाहनों के लिए फिटनेस, बीमा और वैध परमिट अनिवार्य हैं। इनका उल्लंघन करना सीधे तौर पर बच्चों की जान जोखिम में डालने जैसा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में ऐसे वाहनों पर और भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने ऐलान किया है कि शहर में चल रहे सभी स्कूल वाहनों की फिटनेस, बीमा, परमिट और ड्राइवर की पात्रता की जांच की जाएगी। खासतौर पर निजी वैन और मैजिक वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, जो अक्सर नियमों की अनदेखी करते हुए स्कूल परिवहन में लगे होते हैं।

## स्टेशन पर धरपकड़, 42 हजार का जुर्माना वसूला

उधर भोपाल के संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर सुबह 6 से 'किलाबंदी' टिकट चेकिंग की गई। अभियान का नेतृत्व मुख्य टिकट निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने किया। इसमें वाणिज्य विभाग के 16 टिकट चेकिंग स्टाफ शामिल रहा। जांच के दौरान स्टेशन के बाहर जाने वाले मार्गों की घेराबंदी की गई। ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के बाहर न निकल सके। इसमें 8 ट्रेनों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान 85 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। जिनसे 42 हजार 175 रुपए की वसूली की गई। वहीं, 59 यात्री अनुचित टिकट के साथ यात्रा करते हुए पकड़े गए। जिनसे 30 हजार 650 रु. वसूले गए। 7 मामलों में बिना बुकिंग सामान ले जाने अथवा स्टेशन पर गंदगी फैलाने के लिए 1400 रु. का जुर्माना भी किया गया।



## प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आयोजित होगा शैक्षिक ओलंपियाड

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी मिडिल-प्राइमरी स्कूलों में शैक्षिक ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा। कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे। इस वर्ष ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और 3 के लिये इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय में ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी। ओलंपियाड के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा केन्द्र और शालाओं को प्रेषित किए है। कक्षा 2 और 3 में प्रत्येक जन शिक्षा केन्द्र से कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयनित होंगे। कक्षा 6 से 8 में जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर सर्वाधिक अंको के आधार पर 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने ओलंपियाड प्रतियोगिता के आयोजन के लिये जिला कलेक्टर्स और राज्य शिक्षा केन्द्र अधिकारियों को भी निर्देश जारी किये है।

## फिलहाल सिस्टम नहीं, शहर को 2 दिन बारिश से राहत

**भोपाल।** लगभग एक पखवाडे से लगातार बारिश के चलते धूप के लिये तरस रहे राजधानी के लोगों को आगामी दो दिनो तक भारी बारिश से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि वर्तमान में भोपाल के आसपास कोई सक्रिय द्रोणिका नहीं है, जिसके चलते शुक्रवार और शनिवार तक मौसम सामान्य रहने की संभावना है। हालांकि गत दिवस गुरुवार को भी बारिश से राहत रही और दोपहर धूप भी खिली। हालांकि अगले दो दिन कहीं हल्की फुल्की बारिश जरूर हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक दिव्या ई सुरेंद्रन के मुताबिक फिलहाल राजधानी में किसी बड़े मौसमी सिस्टम की सक्रियता नहीं है, जिससे शुक्रवार और शनिवार को मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। तापमान में भी ज्यादा उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है। शहरवासियों को इस दौरान राहत रहेगी, लेकिन उमस बनी रह सकती है। सुरेंद्रन ने आगे बताया कि रविवार और सोमवार से राजधानी में फिर से भारी बारिश की संभावना बन रही है। बंगाल की खाड़ी की ओर से नया सिस्टम बनने की स्थिति में राजधानी में मानसून दोबारा सक्रिय हो सकता है। गुरुवार को सुबह 8ः30 बजे से शाम 5ः30 बजे तक एयरपोर्ट रोड पर 17.01 मिमी और अरेरा हिल्स में 17.02 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

**मैट्रो एंकर** एनजीटी ने दिया तीन महीने का वक्त

# बड़े तालाब के भदभदा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के बड़ा तालाब के भदभदा क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने की राह खुली है लेकिन प्रशासन की भूमिका पर भी निगाहें हैं। यहां के चिह्नित अतिक्रमण को अब तीन महीने के अंदर हटाने के आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोन बेंच ने दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम की ओर से एनजीटी को अवगत कराया गया कि तालाब क्षेत्र के आसपास अमृत 1.0 योजना के



अंतर्गत सीवेज संबंधी कार्यों और अमृत 2.0 योजना में बड़े तालाब के अनुपचारित जल के लिए की जा रही कार्रवाई, भदभदा क्षेत्र से पूर्व में मुक्त कराई गई भूमि पर फेंसिंग एवं पौधारोपण की भी जानकारी दी। नगर निगम ने भदभदा से पूर्व में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर फेंसिंग एवं पौधारोपण के बारे में विस्तार से एनजीटी को बताया। एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच भोपाल ने आर्या श्रीवास्तव विरुद्ध यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य के प्रकरण के संबंध में सुनवाई करते हुए बड़ा तालाब के भदभदा क्षेत्र में चिह्नित अतिक्रमणों पर आगामी 3 माह में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सुनवाई में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े रहे, जबकि वादी एवं प्रतिवादी पक्ष के वकील समक्ष में उपस्थित रहे।

### सरकारी जमीन मुक्त कराई

इधर, हुजूर तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी की मौजूदगी में गत दिवस अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। ग्राम बरखेड़ा सालम में शासकीय भूमि लगभग 5 एकड़ से अतिक्रमण हटाया गया। इस भूमि की बाजारू कीमत करीब 7 करोड़ रुपए है।



MPMETRO
Smart City
MPHIDB
शहरी विकास के
नए अध्याय की
शुरुआत
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
ग्रोथ कॉन्क्लेव
भविष्य के शहरों का निर्माण
11 जुलाई, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे
ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। इससे बढ़ती नगरीय जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। समृद्ध और विकसित शहर, प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला बनेंगे।
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
प्रमुख आकर्षण
1500 से अधिक प्रतिभागी
एक्सपो (आमजन के लिए सायं 5:30 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक)
वन-टू-वन मीटिंग
फोकस सेक्टर
रियल स्टेट
इन्फ्रास्ट्रक्चर
पर्यटन
होटल इंडस्ट्री
पैनल चर्चा
अर्बन टेक
अर्बन ग्रीन्स
अर्बन मोबिलिटी
अर्बन इन्फ्रा ड्राइव
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
D-11062/25

संपादकीय

# एक राज्य में चुनाव के कितने रंग

इस साल के अंत तक बिहार में संभावित विधानसभा चुनाव के लिये जो सक्रियता राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्रों में देखी जा रही है वह आश्चर्यचकित करती है। हालांकि बिहार की सियासी अहमियत इस बार केंद्र की मोदी सरकार में कितनी है यह किसी से छिपा नहीं हैं। बहरहाल बिहार में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 फीसद आरक्षण देने का निर्णय महत्त्वपूर्ण कदम था, मगर अब इस प्रावधान को राज्य की मूल निवासियों तक ही सीमित कर देने का फैसला चर्चा में है। राज्य के स्थायी नागरिकों के हितों के मद्देनजर यह निस्संदेह बड़ी पहल है। खासतौर से तब जबकि कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। कहा जा सकता है कि राज्य सरकार के अगुआ ने नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण की नई व्यवस्था के जरिए राजनीतिक संदेश दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले भी साइकिल बांटने से लेकर नौकरियां देने तक में महिला वोट बैंक का विशेष ध्यान रखते रहे हैं। शराबबंदी का फैसला भी उनकी दूरदर्शी नीति का ही हिस्सा था। इससे महिलाओं के बीच उनकी सियासी जमीन मजबूत हुई। हालांकि, अब महिला आरक्षण को एक दायरे में सीमित करने का उनका दांव कितना कारगर होगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। सवाल है कि नीतीश कुमार की इस पहल से क्या राजद और कांग्रेस के सत्ता में आने के दावे की धार कमजोर होगी? गौरतलब है कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी कहा है कि उनकी सरकार बनी, तो वे अधिवास नीति लागू करेंगे। दरअसल,बिहार में अधिवास नीति लागू करने की मांग जोर पकड़ रही है। कुछ दिनों पहले युवाओं ने भी सड़क पर उतर कर यह मांग उठाई थी। वहीं सरकार की इस बात के लिए भी आलोचना हो रही थी कि उसने शिक्षकों की भर्ती के दौरान अधिवास नीति लागू नहीं की, जिस कारण अन्य राज्यों से आए उम्मीदवारों को फायदा मिला। माना जा रहा है कि इस आलोचना की काट के लिए महिला आरक्षण पर नया दांव खेला गया। हालांकि सरकार के ताजा निर्णय से राज्य से बाहर की महिलाओं को नौकरियों में आरक्षण नहीं मिल पाएगा। मगर जब राजनीति में नफा-नुकसान की बात आती है, तो वाजिब तर्क को भी नजरअंदाज कर दिया जाता है। अगर सभी राज्य ऐसा करेंगे, तो योग्य अभ्यर्थियों के लिए अवसर कम होते जाएंगे। इसी तरह बिहार से संबंधित दूसरा मोर्चा प्रशासनिक है। यहां मतदाता सूची पर बखेडा खडा हो गया है और विपक्षी दलों को लामबंदी का मौका मिल गया है। विवादों से घिरे चुनाव आयोग ने यह विवाद खड़ा कर दिया है। उसने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन यानि विशेष गहन पुनर्निरीक्षण शुरू किया है। यह 25 जुलाई तक चलेगा। 'सब कुछ बदल डालूंगा' की तर्ज पर वह पूरी मतदाता सूची को बदल डालेगा। आयोग की इस अप्रत्याशित सक्रियता से बिहार की विपक्षी पार्टियों और मतदाताओं के बीच खलबली है। बीते फरवरी में ही मतदाता सूची संशोधित हुई है और चुनाव आयोग के कहे अनुसार राजनीतिक पार्टियों ने बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति भी कर दी है। इन एजेंटो की संख्या डेढ लाख से ऊपर है। आयोग ने राजनीतिक पार्टियों से कहा था कि वे चाहें तो और एजेंटों की नियुक्ति भी कर लें। यानी बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारी चल रही थी कि आयोग में 'सूची बदल डालूंगा' का जोश उमड़ आया। इसका निहितार्थ विपक्ष महाराष्ट्र के चुनाव व उसके नतीजों से जोड़कर जनता को समझाने की कोशिश कर रहा है,इससे साफ है कि आने वाले वक्त में बिहार में सियासी दांवपेंच और तेज होंगे।

# विभाजित परिदृश्य में भारत की संयमपूर्ण नीति

■ ले.जन. एस.एस. मेहता (अ.प्रा.)

> ऐसे वक्त जब दुनिया के देशों में प्रभुत्व की होड़ मची है, भारत आजादी के बाद के सफर में अपनी रीति-नीति पर कायम है। जब वैश्विक संस्थाएं बिखर रही हैं - डब्ल्यूटीओ कमज़ोर पड़ा है, संयुक्त राष्ट्र मौन है, भारत संयम अपनाए हुए है। ऑपरेशन सिंदूर का भी संदेश है कि भारत चीन-पाक के तनाव बढ़ाने के खेल में नहीं फंसेगा, लेकिन पीछे भी नहीं हटेगा।

बढ़ते तनावों और पीछे हटती सच्चाइयों के युग में, भारत अपने शांत विमर्श के साथ, अपनी आज़ादी के 80 वर्ष पूरे करने जा रहा है। हमारी यात्रा एक ऐसा वृत्तांत रही है, जिसे फिर से बताने की ज़रूरत है - भले ही अपनी सौवीं वर्षगांठ की परिकल्पना, शक्ति का विस्तार करने में नहीं, बल्कि अपने उद्देश्यों को और गहराई देने में है।जहां अन्य राष्ट्रों में प्रभुत्व बनाने के लिए होड़ मची है, भारत अपनी राह पर कायम है- विचारधारा में धंसा हुआ नहीं, बल्कि सभ्यतागत नैतिकता की गहरी जड़ों से जुड़ा, जिसे हम 'युमैनशिप' अर्थात धर्मनीति के नाम से जानते हैं- सतत राष्ट्रीय आचार संहिता, स्मृति द्वारा आकार पाई, समदृष्टि सहित और मूलतः संयम वाली। यह कोई जुमला नहीं; हमारा वह व्यवहार है, जिसे हम तब भी कायम रखते हैं जब कोई न देख रहा हो और कैसे हम सबके सामने होने के बावजूद खुद को रोक लेते हैं। यह नैतिकता हमने अपने सबसे प्राचीन शब्दकोष से पाई है।

दुनिया युद्ध और इसकी चेतावनियों के बीच डगमगा रही है। गाजा खून में सना है; यूक्रेन बिखरने की कगार पर है; ईरान और इस्राइल अपने संयम की सीमाएं नाप रहे हैं। व्यापार बल-प्रयोग का औजार बन गया है। जलवायु परिवर्तन के खतरे को हथियार बनाया जा रहा है। तकनीक उपकरण और ख़तरा, दोनों बन गई है। परमाणु संयम, लापरवाही भरी बयानबाज़ी में बदल गया है। संयुक्त राष्ट्र पंगु हुआ पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति के स्थाई सदस्य देश तभी कार्रवाई करते हैं, जब उनके हित आपस में मिलें। संतुलन का भरोसा देने वाले तंत्र को साजिशन मामलों से अलग रखा जा रहा है।

1948 से 2025 तक, हमारे विकल्प सतत कहानी बताते हैं। हम लाहौर की दहलीज़ पर जाकर थम गए, जीता हुआ हाजी पीर इलाका लौटा दिया, और पाकिस्तानी सेना को दूर तक खदेड़ने के बावजूद मुज़फ़्फ़राबाद पर कब्ज़ा नहीं किया। सीमा पार किए बिना कारगिल पर फिर से कब्ज़ा कर लिया। हमने ढाका को आज़ाद करवाया और बाद में उन 90,000 पाकिस्तानी युद्धबंदियों को स्वदेश भेजा, जिनके साथ जिनेवा संधि के तहत उदारतापूर्ण व्यवहार किया गया। मदद की पुकार पर हम मालदीव और श्रीलंका गए। परमाणु मामलों में, कगार की नौबत बनाए बिना नो फर्स्ट यूज़ सिद्धांत का पालन करते आए हैं। हर मामले में, भारत के पास आगे बढ़ने की पूरी कूवत थी, लेकिन समदृष्टि को न तजने का उसका इरादा ज़्यादा मज़बूत रहा। जहां दूसरे बीच रास्ते में पीछे हट गए,वहीं भारत स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ अंत तक गया।

1962 में, हिंदी-चीनी भाई-भाई का दोस्ताना उस वक्त जोर-ज़बरदस्ती में बदल गया जब चीन, जो खुद प्राचीन सभ्यता है और




जिसके साथ हम शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व चाहते थे, उसने वार्ता की बजाय धोखा चुना। युद्ध त्वरित रहा। जब धूल छंटी, तो एक सवाल ज़रूर उठा : चीन ने अपनी शिष्टता तज क्या पाया और सह-अस्तित्व की नैतिकता त्यागकर क्या खोया? भरोसा टूट गया।

लॉर्ड कर्जन ने 1907 में ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय में 'फ्रंटियर्स' नामक सालाना व्याख्यान में कहा था : 'सहमति वाली स्पष्ट सीमारेखा की बजाय असहमति वाली सीमाओं से ज़्यादा हासिल किया जा सकता है'। एक सदी बाद, लगता है कि चीन ने वह सिद्धांत आत्मसात कर लिया। आज, भारत के संयम की परीक्षा और दिखाए गए दृढ़ संकल्प के प्रदर्शन के साथ, चीन को खुद सामने आते नहीं पा रहे, बल्कि वह खेल कर रहा है - खुद पीछे रहकर किसी और से जोर-ज़बरदस्ती करवाने वाले की भूमिका में। इस नाटक का पर्दाफाश करने में ऑपरेशन सिंदूर पहला उदाहरण रहा। यह चीन और उसका मुखौटा बने पाकिस्तान के लिए एक संदेश भी था : जहां भारत तनाव को विस्तार देने के उनके खेल में नहीं फंसने वाला है वहीं पीछे भी नहीं हटेगा। हाथी सब याद रखता है। और याददाश्त की बदौलत, वह उकसावे से नहीं, संतुलन के के साथ नपी-तुली कार्रवाई करता है।

भारत का उदय, अपने हित कायम रखने की एवज में सहयोगियों की बलि देने वाली पामर्स्टन नीति पर चलकर नहीं हुआ है। इसने रिश्तों में दबाव बनाने की बजाय इनको सतत बनाए रखने को तरजीह दी। ऐसे युग में जब पूर्व-निवारण उपाय करना तमाशा बन चुका है और गठजोड़ लेन-देन आधारित बन गए हैं, भारत फिर भी संतुलन बनाए रखने का पक्षधर है - इसलिए नहीं कि यह आसान है, बल्कि इसलिए कि यह सही है।

हमारा वैश्विक रुख इसी नैतिकता को दर्शाता है। हम निर्भरता बनाने की बजाय बहुआयामी रिश्ते बनाने में लगे हैं। हम व्यापार, तकनीक और पर्यावरणीय प्रबंधन में सुधारों के पक्षधर हैं - ताकत पाने के लिए नहीं, बल्कि निष्पक्षता के लिए। हम युद्ध की तैयारी करते हुए भी शांति बनाए रखना चाहते हैं। भारत खुद को एक ध्रुव होने का दावा नहीं करता। यह तो कुछ दुर्लभ प्रस्तुत करता है : एक आलंब, कोई स्थिति नहीं,बल्कि एक सिद्धांत।

जहां जाकर दुनिया झुक जाती है, भारत स्थिर रहता है। यूक्रेन और ईरान में, हमने तनाव कम करने का आह्वान किया - सोची-समझी तटस्थता के कारण। महाशक्तियां ध्रुवीकरण करना चाहती हैं।

ऐसे में जब वैश्विक संस्थाएं बिखर रही हैं - विश्व व्यापार संगठन कमज़ोर पड़ा है, संयुक्त राष्ट्र मौन है, जलवायु समझौते पर खेल चला हुआ है - भारत ने संयम कायम रखा है। यह अशांति को और बढ़ावा देने की बजाय उसे सहन कर लेता है। इसकी महत्त्वाकांक्षा: विजय नहीं, विवेक कायम रखना है। भारत केवल अतीत की प्रतिध्वनि नहीं करता, भविष्य की पटकथा भी लिखता है। भविष्य में इसे ग्लोबल साउथ के लिए आधारभूत भूमिका निभानी होगी। यदि जी-7 संगठन दुनिया की सबसे तगड़ी ताकत का प्रतीक है, तो जी-20 को चाहिए वह विवेक का प्रतिबिंब बने। भारत इसका स्वाभाविक केंद्रबिंदु है।

जैसे-जैसे दुनिया 2047 की ओर बढ़ रही है, उसे और भव्य जनाजों की नहीं, बल्कि एक नैतिक धुरी की; विवेक की आवश्यकता है। न तो मुनीर की तरह विभाजनकारी तत्त्वों को हवा देकर मौत का तांडव मचवाने की, न ही फलस्तीनी विस्थापन सिद्धांत की; कॉमेडी को यूरोप की त्रासदी मेंबदल देने की भी नहीं, तो ज़ारवादी दुःस्वप्न से चिपके किसी देश की नहीं; और न ही चीन द्वारा हिमालय में खिंची कर्जन रेखा लांघ भारत की भूमि हड़पने वाली कुटिल चालों की, और ट्रम्प की हरकतों की तो बिल्कुल नहीं -जो लोकतंत्रों को छिन्न-भिन्न करने में लगे हैं, संस्थाओं से खेल रहे हैं और तमाम मंचों पर अपने मोहरों को शह देकर स्थापित कर रहे हैं। भारत ने भी उसके उकसावे का सामना किया - लेकिन न तो उनके बदले की भावना के आगे, न ही नित बदलने वाले रवैये के समक्ष। भारत अपनी राह पर कायम रहा।

वैश्विक स्मृति परिदृश्य में, एक सभ्यता अपनी विरासत को संजोए रखती है और दूसरी सभ्यता उसे भूल जाने का नाटक करती है। भारत हाथी की तरह, लंबी याददाश्त रखता है - विश्वासघात और सहनशीलता की, गठबंधन का सम्मान रखने की और रेखाएं न लांघने की। जबकि, चीन ने ड्रैगन की तरह, स्मृतिलोप को चुन रखा है - वह उन सीमाओं को परख रहा है जिनका सम्मान किया जाता था, उस समझ को फिर लिख रहा है, जो कभी साझा थी।

भारत के शांतचित्त आत्मविश्वास के केंद्र में उसका युवा है : हाथ कठोर, दिमाग से फुर्तीला, नवाचार के लिए मानसिक रूप से तैयार और नैतिकता की जड़ों से जुड़ा। वे बस यही चाहते हैं कि उनकी प्रतिभा का सही इस्तेमाल हो। भारत की आकांक्षा ध्रुव बनने की नहीं है। उसने तो आलंब बनना चुना है - वह अदृश्य संतुलन जो बिखरती दुनिया को स्थिर रख सके। और यह हमारे राष्ट्रगान से ज़्यादा स्पष्ट कहीं और नहीं दिखता। 'जन-गण-मन...' सर्वोच्चता का गान नहीं है; बंधुत्व का घोष है। संयम एक उपाय है। वह विश्व व्यवस्था, जो संयम को मान्यता नहीं देती, जल्द ही पुनः उबरने की क्षमता खो देगी। अपनी 80वीं वर्षगांठ पर संयुक्त राष्ट्र विचार करे और पूछे: हमने क्या अनदेखा किया और इसकी कीमत किसने चुकाई माहौल की पुकार वैश्विक आत्मचिंतन की है।

**(साभार : लेखक सेना की पश्चिमी कमान के पूर्व कमांडर हैं, यह उनके निजी विचार हैं।)**

# तिब्बत से धर्मशाला: राजनीतिक उतार-चढ़ाव की साहसी आध्यात्मिक यात्रा

■ जयसिंह रावत

तिब्बतियों के सर्वोच्च धार्मिक नेता दलाई लामा की आध्यात्मिक यात्रा, जो वर्तमान में अपने उत्तराधिकारी को लेकर वैश्विक चर्चा का विषय हैं, निस्संदेह असाधारण और चमत्कारी है। हालांकि, तिब्बत से उनकी भागने की यात्रा, भारत में प्रवेश, फिर मसूरी पहुंचने और अंततः धर्मशाला के मैक्लोड गंज में स्थायी रूप से बसने की कहानी भी कम रोमांचक नहीं है।6 जुलाई, 1935 को पूर्वोत्तर तिब्बत के एक छोटे से गांव टाक्सर में जन्मे तेनजिन ग्यात्सो को दो वर्ष की आयु में तिब्बती बौद्ध धर्म के 14वें दलाई लामा के रूप में मान्यता दी गई। एक साधारण किसान परिवार में पले-बढ़े, उन्हें चार वर्ष की आयु में ल्हासा में सिंहासन पर बिठाया गया, जिसके बाद उनका मठवासी प्रशिक्षण और नेतृत्व का जीवन शुरू हुआ। 1959 तक, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के तिब्बत पर बढ़ते नियंत्रण ने 23 वर्षीय युवा दलाई लामा को अपनी मातृभूमि छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। भारत की उनकी जोखिम भरी यात्रा ने उन्हें शांति और दृढ़ता का वैश्विक प्रतीक बना दिया।17 मार्च, 1959 को, दलाई लामा ने एक तिब्बती सैनिक के वेश में, सीसीपी के बढ़ते नियंत्रण और तिब्बती विद्रोह के हिंसक दमन से बचने के लिए रात के अंधेरे में ल्हासा से भाग निकले। अपने परिवार, सहायकों और गुरिल्ला लड़ाकों के छोटे समूह के साथ, और सीआईए की विशेष गतिविधि इकाई के गुप्त समर्थन के साथ, उन्होंने हिमालय के कठिन रास्तों पर एक दुष्कर यात्रा शुरू की।

चीनी सैनिकों से बचने के लिए ज्यादातर रात में यात्रा करते हुए, समूह ने ठंडे तापमान, ऊंचे दर्रों और बीहड़ इलाकों को पैदल और घोड़े पर पार किया। 26 मार्च, 1959 को, वे मैकमोहन रेखा के पास ल्हुंत्से द्ज़ोंग पहुंचे, जहां दलाई लामा ने भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को शरण के लिए एक पत्र भेजा, जिसमें लिखा था÷इस गंभीर स्थिति में हम त्सोना के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे हैं। मुझे आशा है कि आप भारतीय क्षेत्र में हमारे लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करेंगे।÷दलाई लामा के भागने की सूचना मिलने पर नेहरू ने तुरंत अरुणाचल प्रदेश के तवांग के पास चुथांगमु में असम राइफल्स की एक टुकड़ी भेजी। 31 मार्च, 1959 को, दलाई लामा ने मैकमोहन रेखा पार कर भारत में प्रवेश किया, जहां भारतीय अधिकारियों ने नेहरू के निर्देशानुसार उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया। 18 अप्रैल को, वे असम के तेजपुर पहुंचे, जहां उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से तिब्बत छोड़ा, जिससे चीन के अपहरण के दावों का खंडन हुआ।



चीन के आरोपों और उनकी वापसी की मांग के बावजूद, नेहरू ने शरण दी, जिससे नाजुक कूटनीतिक तनावों का सामना करना पड़ा।

दलाई लामा को शुरू में उत्तराखंड के शांत हिल स्टेशन मसूरी में बिरला हाउस में ठहराया गया, जो भारतीय सरकार द्वारा प्रदान किया गया एक औपनिवेशिक युग का बंगला था। तेजपुर पहुंचने के बाद, भारतीय सरकार ने उनके और उनके सहयोगियों को मसूरी ले जाने के लिए एक विशेष ट्रेन की व्यवस्था की, जो दिल्ली के उत्तर में हिमालय की तलहटी में स्थित थी।

कई दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में हर रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ ने तिब्बती कारण के प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। दलाई लामा ने बाद में कहा, मुझे अपनी पिछली यात्रा पर भारतीय लोगों का स्वागत याद था, लेकिन अब इसमें एक नई सहज उत्साह था। इसने मेरे दिल को गर्म कर दिया और मुझे तिब्बती कहावत की याद दिला दी: 'दुख इसलिए होता है ताकि सुख को मापा जा सके।' स्पष्ट रूप से वे केवल मुझे देखने नहीं आए थे; वे तिब्बत के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाने आए थे।

मसूरी में, उन्हें बहुत जरूरी राहत मिली। उन्होंने कहा, फिर भी, मैं मसूरी पहुंचकर बहुत खुश था, और आखिरकार उस एक महीने की यात्रा और मानसिक तनाव से आराम करने और शांति से हमारी समस्याओं पर विचार करने में सक्षम हुआ। 24 अप्रैल, 1959 को, नेहरू ने उनसे चार घंटे की चर्चा के लिए मुलाकात की, समर्थन का आश्वासन देते हुए भारत-चीन के जटिल संबंधों पर जोर दिया।

अपने एक साल के प्रवास के दौरान, दलाई लामा ने 29 अप्रैल, 1959 को तिब्बती सरकार-निर्वासन की स्थापना की, जो निर्वासन में तिब्बती प्रशासन की नींव बनी। उन्होंने तिब्बती शरणार्थियों से मुलाकात की, भारतीय अधिकारियों से संपर्क किया, और तिब्बती संस्कृति को संरक्षित करने के प्रयास शुरू किए, जिसमें स्कूलों और सांस्कृतिक संस्थानों की योजना शामिल थी। जून में, तिब्बती शरणार्थियों से चीनी क्रूरता की भयावह खबरों से प्रेरित होकर, उन्होंने प्रेस को एक मजबूत बयान जारी किया÷मैं उनकी लाई हुई कहानियों से भयभीत था। मुझे यह देखने के लिए मजबूर होना पड़ा कि चीनी लोग तिब्बत को पूरी तरह से क्रूरता से दबाने का मन बना चुके थे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पेकिंग सरकार को अपने प्रतिनिधियों के कार्यों की पूरी जानकारी नहीं हो सकती, हालांकि उन्हें माओ त्से-तुंग के अनुमोदन पर तेजी से संदेह होने लगा। मसूरी की शांत सेटिंग ने उन्हें निर्वासन में जीवन के अनुकूल होने और अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करने के लिए एक अस्थायी आश्रय प्रदान किया, जब तक कि भारतीय सरकार ने उन्हें धर्मशाला में एक बंगला पेश नहीं किया, जहां वे स्थानांतरित हुए। मई 1960 में, दलाई लामा हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में स्थानांतरित हुए, और मैक्लोड गंज में बस गए, जिसे वहां की बढ़ती तिब्बती आबादी के कारण लिटिल ल्हासा के नाम से जाना गया।

नेहरू ने हजारों तिब्बती शरणार्थियों को वहां बसने की अनुमति दी, जहां उन्होंने तिब्बती प्रदर्शन कला संस्थान (1959), केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान (1967), और तिब्बती कार्य और अभिलेखागार पुस्तकालय (1970) जैसे प्रमुख संस्थानों की स्थापना की। त्सुगलगखंग परिसर, जिसमें दलाई लामा का निवास और मंदिर शामिल है, निर्वासित तिब्बतियों के लिए आध्यात्मिक और राजनीतिक केंद्र बन गया।

धर्मशाला में विरासत मैक्लोड गंज में बसने के बाद से, दलाई लामा ने तिब्बती संस्कृति, धर्म और पहचान को संरक्षित करने के प्रयासों के साथ-साथ तिब्बत मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए मध्यम मार्ग दृष्टिकोण की वकालत की है। धर्मशाला तिब्बती बौद्ध धर्म का वैश्विक केंद्र बन गया है, जो अपनी आध्यात्मिक विरासत और हिमालयी सुंदरता के लिए आगंतुकों को आकर्षित करता है। टेम्पल रोड पर दलाई लामा का निवास तीर्थयात्रियों के लिए एक केंद्र बिंदु बना हुआ है, जो विश्व भर के तिब्बतियों के लिए आशा और दृढ़ता का प्रतीक है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **दुरावेश में सौजन्य का नाश हो जाता है।**
> **- प्रेमचन्द**

- 1889: सोवा बाजार क्लब किसी फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाला पहला भारतीय दल बना।
- 1921: मंगोलिया को चीन से आजादी मिली।
- 1922: हॉलीवुड बाउल की शुरुआत।
- 1948: यरूशलम पर पहला हवाई हमला।
- 1973: पेरिस के निकट ब्राजील का बोइंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, 122 की मौत।
- 1977: मार्टिन लूथर किंग जूनियर को मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया।
- 1979: अमेरिकी अंतरिक्ष प्रयोगशाला का स्काई लैब विखंडित होकर आस्ट्रिया के पश्चिमी तट के समीप समुद्र में गिरा।
- 1989: 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत।
- 1995: अमेरिका एवं वियतनाम के बीच कूटनीतिक रिश्ते बने।
- 1995: बोस्निया में 7000 से ज्यादा लोगों का नरसंहार।
- 2002: चांग शांग दक्षिण कोरिया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- 2003: लाहौर में दोस्ती बस और दिल्ली से सदा-ए-सरहद बस का परिचालन हुआ।
- 2004: एचआईवी-एड्स पर एशियाई मंत्रियों का सम्मेलन बैंकॉक में।

## निशाना

**बदला बदला रुप है !**



-कृष्णेन्द्र राय

**बदल गए अचानक ।**
**ज्ञान रहे हैं बांट ।।**
**बदला बदला रुप है ।**
**बंद हो गई ठाट ?**
**लगते कभी कूदने ।**
**और कभी ख़ामोश ।।**
**है किसकी रणनीति ?**
**कहें किसका दोष ।।**
**ये कैसा व्यवहार ।**
**करने को उद्धार ।।**
**लगता चल कर इसी राह ।**
**है आनी बहार ?**
**किया कभी अपमान ।**
**कभी करते प्यार ।।**
**कर सकते प्रवेश ।**
**शायद नए द्वार ।**

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर दादा कुटी में आयोजित गुरू शिव का मानस पूजा को वर्चुअल संबोधित किया

# गुरु आस्था की जीवंत मिसाल होते हैं : सीएम, नर्मदा मैया को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने का संकल्प लें : सारंग

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरूवार को नर्मदापुरम के दादा कुटी में चल रहे गुरू शिव का मानस पूजा को वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि भारतवर्ष में गुरू की परंपरा सदियों से विद्यमान रही है। भगवान श्री रामचंद्र जी का जीवन हमारे सामने हैं जिन्होनें गुरू विश्वामित्र के मार्गदर्शन में निशाचरों का संघार किया था। भगवान श्री कृष्ण ने अपने गुरू सांदीपनी के दिखाए पथ पर चलकर विश्व को मागदर्शन दिया। गुरू के आशीर्वाद से ही हम नर्मदा पथ का निर्माण कर रहे है। नर्मदा नदी के घाटों का निर्माण एवं आश्रय स्थलों का निर्माण कर रहे हैं। नर्मदा के किनारों पर वृहद स्तर पर पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि गुरू आस्था की जीवंत मिसाल होते हैं। हमारे जीवन में माता पिता के बाद गुरू का ही महत्व रहता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सभी गुरूओ को नमन



करते हुए कहा कि गुरूओं के आशीर्वाद से ही सिंहस्थ 2028 की तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अवधूत श्री दादा गुरू के चरणों में नमन करते हुए कहा कि दादा गुरू स्वयं आस्था की जीवंत मिसाल है।

दादा कुटी में चल रहे समर्थ श्री गुरू पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत शिव मानस पूजा को संबोधित करते हुए अवधूत श्री दादा गुरू ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति की परंपरा और मान्यता आज हमे पूरे विश्व में एक अलग पहचान दिलाती है। गुरू पूर्णिमा का आज पावन दिवस गुरूओं के प्रति आस्था का प्रकटीकरण है। गुरू परम अविनाशी होते हैं। उनकी उपस्थिति और आशीर्वाद से सभी कार्य सुगम होते हैं। गुरू अपने शिष्य को सत्य, अहिंसा और करुणा का मार्ग दिखाते हैं। गुरू सत्य है गुरू तथ्य है, गुरू कल्याण है, गुरू की लीला शिष्य को जीवन का बोध कराती है।

गुरू शिष्य को आत्मनिर्भर बनाते हैं। दादा गुरू ने कहा कि आज नर्मद तट का हर कंकर शंकर के रूप में है। हर युग में गुरू और गोविंद प्रकृति और जीवन में प्रणों का संचार करते हैं और देवत्व के भाव को प्रकट कर व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। गुरू की सगुण उपासना हम वृक्षों के रूप में भी करते हैं। जिसने गुरू का सानिध्य प्राप्त कर लिया वह आत्मनिर्भर हो गया।

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि हमारी सनातन परंपरा में गुरू हमें सत्य के मार्ग तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होनें कहा कि अवधूत दादागुरू ने मां नर्मदा की सेवा की है और वृक्ष लगाकर सेवा का संकल्प लिया है।

### जोखिम में डाली यात्रियों की जिंदगी उफनते नाले में डाल दी बस

# ग्रामीणों ने यात्रियों को सुरक्षित निकाला, बस चालक फरार

**तेंदूखेड़ा/दमोह , दोपहर मेट्रो**

लगातार हो रही भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं. ऐसे में लोग जान जोखिम में डालकर उफनते नदी नालों को पार कर रहे हैं. ऐसी ही एक घटना सामने आई है जहां कुड़ी नाले की नदी के पुल पर एक बस ड्राइवर ने यात्रियों की जान की परवाह न करते हुए सवारियों से भरी बस को उफनते पुल को पार करने की कोशिश की. पानी ज्यादा होने के कारण बस बीच रास्ते में फस गई और बन्द हो गई और बहते हुए पुल के किनारे पर लटक गई इसी बीच बस नदी के तेज बहाव में बहने ही वाली थी कि पुल के किनारे लगे छोटे छोटे सीमेंट के पिलर मे बस फस गई गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ नहीं तो कई लोगों की जान जा सकती थी वहीं यात्रियों को राहगीरों और गांव वालों की मदद से बाहर निकाला गया

घटना दमोह जिले के तेजगढ़ थाना की इमलिया चौकी का है जहां पर दमोह से झलौन जा रही अमित जैन कंपनी की यात्री बस है जो कि लकलका झापन मार्ग पर अपने गंतव्य की ओर जा रही बस क्रमांक एमपी 09 एफ ए 5306 है जहां उफनाते पुल पर बस पलटते हुए बची अगर बस नदी में पलटती तो बड़ी घटना होने की संभावना थी.बता दें कि झमाझम बारिश विगत एक सप्ताह से जिले में जारी है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त के साथ यह बड़ा हादसा हो सकता था. लेकिन मौके पर मौजूद लोगों व ग्रामीणों एवं पुलिस ने जान जोखिम में डालकर बस में मौजूद 15 से 20 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया, बता दे कि झापन मार्ग पर लकलका के पास स्थित यह नदी कुड़ी नाले के नाम से जाना जाता है, जो कभी-कभी अधिक बारिश होने से सड़क के ऊपर से पानी बहता है.

जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को लगी, तो मौके पर पुलिस



अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में तेन्दूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर इमलिया चौकी प्रभारी अक्षेंद्रनाथ के साथ पुलिस बल और तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुड़े, तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह, तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी नीतीश जैन सहित पुलिस ने पहुंचकर मौजूद स्थिति को देख कर तत्काल ही यात्रियों को निकलवाने में सहयोग किया।

वहीं दमोह से इमलिया सोमखेड़ा लकलका होते हुए झलौन मार्ग पर चलने वाली अमित जैन कंपनी की यात्री बस बुधवार की रात करीब 6 बजे दमोह से झलौन के लिए निकली हुई थी लेकिन लकलका और झापन के बीच पड़ने वाले कुड़ी नाले पुल पर पानी था इसलिए अन्य वाहनों के साथ बस चालक ने भी पुल से पानी उतरने का आधे घंटे तक इंतजार किया लेकिन कुछ देर बाद बस चालक ने उफनते हुए नाले से बस को निकालने का प्रयास किया और बस फंस गई। घटना के दौरान बस में डेढ़ दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे जिसके बाद अफरातफरी मच गई वहां मौजूद अन्य लोगों व निकल रहे राहगीर एवं आसपास के लोगों द्वारा मौके पर पहुंचकर बस में फंसे यात्रियों को निकलने का प्रयास शुरू किया गया साथ ही घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर ने लापरवाही दिखाते हुए बस निकालने का प्रयास किया, लेकिन पुल के आधे रास्ते में ही बस पानी में बहने लगी और पुल के किनारे जाकर बस का आगे का आधा हिस्सा फंस गया और बस पुल पर लटक गई इस दौरान यात्री घबरा गए और चीख-पुकार मच गई ग्रामीणों ने बस की खिड़कियों से यात्रियों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला तो कुछ ने पानी में कूदकर जान बचाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि 2 लोग पानी में बह गए थे, जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया बस में सवार सभी लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया पूरे मामले में बस चालक की लापरवाही सामने आई है उफनते नाले में बस फंसने के मामले में ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है पुल के ऊपर करीब 1 से2 फीट तक ऊपर से पानी बह रहा था, इसके बाद भी ड्राइवर ने बस निकालने का प्रयास किया। यात्रियों का कहना है कि अगर बस पलट जाती तो कई लोगों की जान जा सकती थी। बारिश के मौसम में नालों के आसपास सुरक्षा के इंतजाम रखने की मांग की गई है।

## वर्षावास कलश स्थापना पर हुई अभूतपूर्व दान प्रभावना और गुरुपूर्णिमा का आयोजन

**तेन्दूखेड़ा!** सकल तारण तरण दिगम्बर जैन समाज को इस वर्ष बाल ब्रम्ह. बसंत जी महाराज के वर्षावास का पावन अवसर प्राप्त हुआ हैं। इस अवसर पर श्री जिनवाणी जी अस्थाप एवं कलश स्थापना का कार्यक्रम श्री तारण भवन में आयोजित किया गया। जिसमे सम्पूर्ण नगर में गाजे-बाजे के साथ



शोभायात्रा निकाली गई,जिसमे सबसे आगे बाल ब्रम्ह.बसंत जी महाराज एवं साधक संघ के सानिध्य में निकाली गई। इस अवसर पर पुरूष सफेद और केसरिया वस्त्र पहिनकर और तारण स्वामी की जय के जयकारे और भी धार्मिक जयकारे लगाते हुये एवं महिलाएं एवं बालिका मण्डल ने अपने तय वेशभूषा में कार्यक्रम में एक सुंदर प्रतिकृति दर्शाई। मंदिर जी मे वर्षावास के अवसर पर बालिकाओं द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया,जो गुरुदेव बसंत जी को समर्पित रहा।

## बीईओ के निरीक्षण में स्कूल में नहीं मिले शिक्षक प्राचार्य सहित एक दिन का कटेगा वेतन

**तेंदूखेड़ा!** सरकारी स्कूलों की व्यवस्था जांचने के लिए अफसर लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे ने गुरुवार को नगर में स्थित शासकीय सीएम राइज स्कूल व माडल स्कूल विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान प्राचार्य सहित एक भी शिक्षक स्कूल में उपस्थित नहीं मिला । बीईओ नीतेश पांडे सुबह 10-15 बजे विद्यालय पहुंचे थे जब वे विद्यालय पहुंचे वहां पर पदस्थ 25 शिक्षकों में से एक भी शिक्षक मौजूद नहीं था जिसके कारण शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटे जाने की कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा कारण बताओं नोटिस दिया जा रहा है इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नीतेश पांडे ने बताया की शासन द्वारा शिक्षकों के लिए विद्यालय मैं पहुंचने का समय 10 बजे निर्धारित है निर्धारित समय पर सभी शिक्षको विद्यालय पहुंचना है

## नदी में डूबने से युवक की मौत पुलिस कर रही मामले की जांच

तेंदूखेड़ा!- गुरुवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धनगौर के आश्रित ग्राम बहेरिया में एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला और स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए लेकिन शाम को जाने के चलते युवक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार



गुलाब पिता कौशल यादव उम्र 30 वर्ष निवासी बहेरिया थाना तेन्दूखेड़ा है जो कि ग्राम के पास से निकले केमरी नाले में डूबने से मौत हो गई है गांव के लोगों ने बताया कि युवक घर से खेत जा रहा था तो कुछ लोगों ने बताया खेत से घर आ रहा था लेकिन युवक की पानी में डूबने से मौत हुई है।

## नगर परिषद ने बारिश से बचने कर्मचारियों को दिए रेनकोट

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को नगर परिषद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा में साफ सफाई करने वाले कर्मचारियों व अन्य कर्मचारियों को रेनकोट दिए गए जिससे बारिश के दौरान कर्मचारियों को दिक्कतों और परेशानियों का सामना ना करना पड़े और अपना कार्य कर सके वितरण कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेश जैन ,मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल ,न :प :उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी नगर परिषद से प्रहलाद बाबू सफाई दरोगा प्रदीप साहू ,विजय तिवारी ,तुलसी लोधी सहित नगर परिषद कर्मचारी शामिल हुए

## रोजगार एवं स्वरोजगार मेले में 104 युवाओं को मिला रोजगार स्वरोजगार


**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदास्नाकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का सफल आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य



अतिथि डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर एवं सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र रावत द्वारा दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ऋण वितरण एवं ऑफर लेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग अधिकारी श्री प्रकास कुमार इंदौरे एवं आर डी बघेला सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया अधिकारी कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे। इसमें 17 निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने वाली कंपनी एवं स्वरोजगार दिलाने वाले 8 विभाग उपस्थित रहे जिनमें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 470 हुए उनमें से मेला में कुल उपस्थित छात्र-छात्राएं 134 रहे जिसमें से 93 को प्राथमिकता स्तर पर चयनित किया गया एवं स्वरोजगार योजना के तहत 11लोगों को लाभान्वित किया गया कुल 104 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

### खाद बीज की कालाबाजारी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

# कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए : कलेक्टर



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में चल रही मूंग उपार्जन एवं खरीदी की प्रक्रिया की समीक्षा कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा गुरुवार को की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों की क्रियाशीलता, आवश्यक संसाधनों एवं उपकरणों की उपलब्धता तथा केंद्रों पर प्राप्त हो रही शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर सुश्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे वेयरहाउस एवं समितियां, जिन्होंने उपार्जन केंद्र की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है लेकिन संचालन प्रारंभ नहीं किया है, उनके विरुद्ध नियम अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नाफेड द्वारा दर्ज आपत्तियों की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी करने वाले वेयरहाउस एवं समितियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि उपार्जन से संबंधित समस्त कार्यवाहियों की अद्यतन रिपोर्ट नियमित रूप से जिला कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।

उपार्जन समिति सदस्यों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिले में खाद-बीज की कालाबाजारी एवं अमानक खाद-बीज विक्रय करने वालों के विरुद्ध निरंतर कड़ी कार्यवाही की जाए।

## क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करें संबंधित निर्माण विभाग : कलेक्टर

**नर्मदापुरम।** जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि को दृष्टीगत रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जर्जर भवनों एवं संरचनाओं को चिन्हित कर एक सप्ताह में तोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने अब तक हुई कार्यवाहियों से असंतोष व्यक्त करते हुए सख्त रूप से निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह के अंदर शेष बचे हुए भवनों को भी चिन्हित करें। उन्होने कहा कि चिन्हित सभी जर्जर भवनों का परीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाए कि कितने भवन पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं और तत्काल तोड़े जाने योग्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन सहित अन्य शासकीय एवं अशासकीय जर्जर भवनों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्रवाई पूर्ण की जाए। कलेक्टर ने पी.ओ. डूडा को निर्देशित किया कि नगर पालिका अमले के माध्यम से सभी अवैध व जर्जर संरचनाओं को डिस्मेंटल किया जाए एवं पुनर्वास केंद्रों की स्थिति का निरंतर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागों के आपसी समन्वय की कमी से कार्यों में शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# संयुक्त संचालक व सीएमएचओ ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरूवार को संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. सुरेश बौद्ध एवं सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा जिला अस्पताल नर्मदापुरम का सघन निरीक्षण किया गया। संयुक्त संचालक ने निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन को आयुष्मान भारत योजना से संबंधित बेनेफिट चार्ट डिस्प्ले लगवाने के निर्देश दिये जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को अस्पताल में आयुष्मान योजना से प्राप्त होने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी मालूम हो, अधिकारी द्वय ने आकस्मिक चिकित्सा वार्ड ई-टेड में मरीजों को और भी बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के निर्देश दिये, तत्पश्चात् अधिकारियों द्वारा गाइकोनोलॉजी वार्ड का भ्रमण किया गया जहाँ पर गर्भवती एवं प्रसूताओं को दी जाने वाली सुविधाओं पर प्रशंसा जाहिर की गई। प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में हाईरिस्क एवं सामान्य गर्भवतियों को प्रदान की जाँच एवं स्वास्थ्य परीक्षण की प्रगति देखी। एनसीडी वार्ड में प्रभारी से एनसीडी एवं गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जा रही है। सेवाओं की उपलब्धि की रिकार्ड एवं रिपोर्ट का अवलोकन किया। स्टोर रूम एवं अस्पताल के मेडिसिन वितरण कक्ष में फार्मासिस्ट से दवाइयों की उपलब्धता, एक्सपायरी तिथि तथा वितरण का तरीका पूछा एवं रिकार्ड देखा। जिला कोल्ड चेन कक्ष में वैक्सीन स्टोरेज,तापमान यंत्र एवं स्टॉक रजिस्टर, युविन पोर्टेलका अवलोकन किया।

**मेट्रो एंकर** गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक पर्व गुरु पूर्णिमा शहर में धूमधाम से मनाया

# शाल-श्रीफल एवे पेन देकर गुरुओं का किया सम्मान

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा के छात्रों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण कर पूजन किया गया विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान इसी विद्यालय में पदस्थ शिक्षक राकेश तिवारी पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर भारत यादव भूपेंद्र सिंह ठाकुर ऋषि साहू खुमान अहिरवार कु. जागृति तिवारी आदि शिक्षकों ने संस्था में पदस्थ एस.के. सरैया व्याख्याता एच. एस. ठाकुर व्याख्याता का सम्मान श्रीफल पेन साल देकर किया गया तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय में पदस्थ सभी शिक्षक, शिक्षिकाओ में एस. के.सरैया एच. एस. ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर भरत यादव राकेश तिवारी दिनेश यादव भारत सीग यादव धर्मेंद्र सिंह ठाकुर श्रीमती सपना नामदेव कु.जागृति तिवारी कु. पूजा लखेरा संतोष अस्थान भूपेंद्र सिंह ठाकुर ऋषि साहू खुमान अहिरवार रामसेवक घोसी रोहित बेदी इत्यादि सभी



गुरुओं का सम्मान पुष्प,माला पेन,रोरी लगाकर किया गया इस अवसर पर श्री एस. के. सरैया व्याख्याता कहा कि गुरु - शिष्य, माता-पिता की निंदा नहीं करना चाहिए एवं गुरु और शिष्य की परंपरा को बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है तत्पश्चात श्री एच. एस. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु छात्रों को संस्कारवान एवं चरित्रमयी जीवन का निर्माण करते हैं एवं उनके जीवन को संभालते हैं जिस प्रकार अर्थात गुरु कुम्हार के समान है और शिष्य घड़े के समान है जैसे कुम्हार घड़े को भीतर से हाथ का सहारा देकर बाहर से चोट मार कर आकर देता है उसी प्रकार गुरु शिष्य की बुराइयों को दूर करने में अपना योगदान देता है एवं श्री परसोत्तम ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ एवं गुरु की परंपरा को प्राचीन सभ्यता से जोड़ा गया आज हम सभी इस परंपरा को मानते चले आ रहे हैं श्री राकेश तिवारी ने अपने संबोधन में गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए गुरु की महिमा बताई, और कहा गुरु-शिष्य के जीवन का निर्माता है।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव हुआ सम्पन्न

**तेन्दूखेड़ा!** गुरुवार को नगर के जैन मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर आयोजन किया गया जहां गुरु बारे में बताया गया जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं, यह सूत्र गुरु की उपयोगिता और जीवन में प्राथमिकता को बताता है, गुरु को शास्त्र में स्वयं ईश्वर ने भी पूजा है, और आज का मानव भटकते ही इसलिये हैं क्युकी उनके जीवन में या तो कोई सच्चे गुरु उन्हें नहीं मिले या मिले तो गुरु की आज्ञा, आदेश, निर्देश पर वो नहीं चले, यही जन्म जन्म की भटकन गुरु के ज्ञान बिना यूं ही अनंत काल तक बनी रहेगी. इस भारत भूमि का पुण्य था, और हम सब भारत में रहने वाले मानवो का पुण्य था की हम सबका जन्म आचार्य भगवान विद्यासागर जी ऋषिराज के काल में हुआ, हम सबने इस धरती पर अगर भगवान को देखा, भगवान को जाना, भगवान को माना, तो वो भगवान थे आचार्य विद्यासागर, जिनकी करुणा, ज्ञान और तपस्या ने भारत भूमि को संतो ने दया से भर दिया. उपरोक्त उदगार मुनिश्री प्रयोगसागर जी मुनिराज ने आज गुरु पूर्णिमा पर प्रवचन सभा में प्रदान किये, आज गुरु के लिए समर्पित दिवस प्रात :कालीन बेला में गुरु जयघोष से गूंज उठा, एक भव्य शोभायात्रा श्री शांतिनाथ मंदिर से निकाली गई जिसमें मुनिश्री के साथ हजारों का जनसमूह गुरु गुणगान में डूबा हुआ था, एक सी ड्रेस में सजे महिला मंडल और बालिका मंडल हाँथो में सुंदर सुंदर पूजन द्रव्य को सजाकर लाये थे, जिनकी छटा ने सबका मन मोह लिया, पाठशालों के बच्चे सुंदर ड्रेस में ध्वज एवं गुरु चित्र लेकर चलने से पूरा वातावरण गुरु मय हों गया.

## डीएलसीसी बैठक में कलेक्टर अधिकारियों से बोले

# हितग्राहीमूलक योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले बैंकों से शासकीय खाते बंद किए जाएंगे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में डीएलसीसी की विशेष बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई थी। जनसुरक्षा कैम्पेन एवं शासकीय ऋण योजनाओं की अद्यतन प्रगति का जायजा कलेक्टर द्वारा लिया गया है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी बैंकर्स प्रतिनिधियों को निर्देशित किया है कि हितग्राहीमूलक योजनाओं और जनसुरक्षा बीमा योजना के प्रकरणो का निराकरण समय सीमा में नहीं करने वाले बैंको से शासकीय खातो को दूसरी बैंको में शिफ्ट कराया जाएगा। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के द्वारा उपरोक्त कार्यो में ढीला रवैया अपनाए जाने के फ्लस्वरूप जिन विभागो के शासकीय खाते पीएनबी शाखा विदिशा में है उन विभागो के अधिकारियो को निर्देशित किया है कि शीघ्र ही खाता एसबीआई शाखा में शिफ्ट कराने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि बैंकर्स द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं के वित्तीय पोषण में ढीला रवैया अपनाया जाता है तो संबंधित बैंक के जीएम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा और बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने डीएलसी की उपरोक्त विशेष बैठक में जनसुरक्षा योजना अर्थात प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना की पहुंच बढाने के उद्धेश्य से ग्राम स्तरो पर आयोजित होने वाले



शिविरो के अभियानो पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए तीन माह का संतृप्ति अभियान संचालित किया जा रहा है अभियान का मुख्य उद्धेश्य सभी बैंक खाताधारको की बीमा संबंधी प्रीमियम की कटौत्री कर आपदा संकट के समय परिवार के अन्य सदस्यों को बीमित राशि का लाभ दिलाया जाना है। अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह के दो दिन बुधवार एवं गुरूवार को विशेष शिविरो का आयोजन किया जा रहा है लीड़ बैंक आफीसर ने शिविर आयोजन के पूर्व तैयारियों, संचार रणनीति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारियां सांझा की । उन्होंने शिविरो की व्यवस्था, निगरानी रिपोर्टिंग के साथ-साथ जिम्मेदारियों के संबंध में अवगत कराया है।

कलेक्टर द्वारा डीएलसीसी की इस बैठक में एसआरएलएम के स्वसहायता समूहो द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति जिसमें सीसीएल लक्ष्य जमा व स्वीकृत प्रस्ताव के अलावा वितरण इत्यादि की समीक्षा बैंकवार की गई है। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से क्रियान्वित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष के लिए बैंकवार प्रेषित किए गए प्रकरण इसी प्रकार पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रकरण स्वीकृत, वितरण, रिजेक्ट व लंबित प्रकरणो की पृथक-पृथक समीक्षा की गई है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने उद्यानिकी विभाग के माध्यम से क्रियान्वित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई योजना) के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारियां सांझा की गई और उक्त योजना के तहत बायो प्रोडक्ट यूनिट लगाने पर विशेष बल दिया गया है। पशुपालन विभाग के माध्यम से क्रियान्वित डाक्टर भीमराव अम्बेडकर कामधेनू योजना, राष्ट्रीय पशु मिशन उद्यमिता विकास, आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना, वृदांवन ग्राम योजना तथा मत्स्यपालन विभाग के माध्यम से डेयरी केसीसी, की तर्ज पर मत्स्यपालको को भी केसीसी जारी करना तथा जिला आदिवासी वित्त विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित भगवान बिरसा मुण्डा रोजगार योजना, टटंया मामा आर्थिक कल्याण योजना तथा जिला अन्त्वसायी सहकारी विकास समिति तथा संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना, डा भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण के लिए संचालित योजना तथा आकांक्षी जिले के तहत चिन्हित हितग्राहियो के उन्मुखीकरण हेतु क्रियान्वित विशेष योजनाओं की बैंकवार वित्तीय पोषण की कार्यवाही की समीक्षा की गई है।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जन सुरक्षा योजना के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय बीमा समिति के कार्यो की भी समीक्षा की है। बैठक में समिति के उद्धेश्य एवं कार्यो को भी सांझा किया गया है। उपरोक्त बैठक में लीड़ बैंक आफीसर श्री बीएस बघेल, नाबार्ड के जिला प्रबंधक श्रीमती जसप्रीत कौर के अलावा विभिन्न बैंको के प्रतिनिधि तथा विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा की रही धूम शिष्य ने गुरुओं से लिया आशीर्वाद, हुए भंडारे



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

गुरु पूर्णिमा का पर्व नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बड़े ही भक्ति भाव के साथ मनाया गया जहां भक्तों ने गुरुओं के दरबार में पहुंचता थी पूजा अर्चना करके आशीर्वाद दिया दूसरी ओर गुरुओं ने अपने शिष्यों के लिए भंडारों का आयोजन किया यहां पर प्रसादी ग्रहण करने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का ताता लग रहा श्री जटाशंकर मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ गुरु जी की चरण वंदना करके प्रसादी ग्रहण की श्री वटाया सरकार सरकार मंदिर के अलावा अन्य मंदिर और ग्रामीण अंचलों में भी इसी तरह भंडारे गुरुओं ने शिष्यों के लिए आयोजित किया यह दिन दोनों के लिए बहुत बड़ा होता है गुरु अपने शिष्यों को आशीर्वाद देता है उनकी रक्षा भी गुरु मंत्र से होती है ऐसी मान्यता प्राचीन काल से चली आ रही है। इसके अलावा स्कूली विद्यार्थियों ने भी गुरुओं से आशीर्वाद लिया।

## जिले में आज 32.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सिरोंज।** विदिशा जिले में पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर गुरूवार दस जुलाई की प्रातः आठ बजे 32.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि सर्वाधिक वर्षा सिरोंज तहसील में 57 मिमी और सबसे कम लटेरी में एक मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसके अलावा विदिशा में 56 मिमी, बासौदा में 28 मिमी, कुरवाई में 44 मिमी, ग्यारसपुर में 43 मिमी, गुलाबगंज में 28 मिमी, नटेरन में 20 मिमी, शमशाबाद में 21 मिमी तथा पठारी तहसील में 24 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

# मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना तहत आवेदन आमंत्रित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजनातंर्गत महिला एवं बाल विकास द्वारा विपति ग्रस्त पीडित महिलाओ को आर्थिक उन्नयन हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिले में इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 महिलाओं को योजनातंर्गत लाभांवित किया जाना है। इसके लिए आवेदन पत्र 25 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं।

योजनांतर्गत प्रशिक्षण कोर्स मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विपतिग्रस्त पीड़ित महिलाओं को स्वरोजगार-मुखी व्यवसाय संचालन के लिए योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कोर्स भी संचालित किया जा रहे हैं तथा तदनुसार फर्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, आया, दाई, वार्ड परिचर, ब्यूटीशियन, शॉर्ट टर्म मैनेजमेट कोर्स, कुकिंग, बैकिंग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कोर्स, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रोगामिंग एण्ड असिस्टेंट (कोपा) हॉस्पिटालिटी, होटल, इवेन्ट मेनेजमेट, प्रयोगशाला सहायक, बीएड, डीएड (केवल शासकीय संस्थान से) अन्य प्रशिक्षण जो शासन द्वारा समय-समय पर आयोजित किये जाते है।




उनका व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जावेगा।

### पात्रता

मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना में हितग्राहियो की पात्रता निम्नानुसार है-बलात्कार पीडित महिलाध्बालिका अथवा बाल विवाह पीडिता अथवा एसिड विक्टिम ध् दहेज प्रताडितध्अग्नि पीडित महिलाएं अथवा दुर्व्यवहार से बचाई गयी महिलाएं, जेल से रिहा महिलाए जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करती हो।शासकीय एवं अशासकीय नारी निकेतन, आश्रय गृह, बालिका गृह, अनुरक्षण गृह, शॉर्ट स्टे होम आदि गृहों में निवासरत विपत्तिग्रस्त महिलाएं। सजायाप्ता महिलाओं को जेल में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

मानसिक रूप से विक्षिप्त न हों।सामान्य महिला की उम्र 45 वर्ष से कम हो।परित्यक्ता, तलाकशुदा, विधवा, अनाथ, एससी, एसटी, ओबीसी होने की स्थिति में आयु 50 वर्ष से अधिक न हो तथा जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हो।प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगी। कम पढी-लिखी, साक्षर, अनपढ महिलाओं के लिए उनकी योग्यता अनुसार प्रशिक्षण दिये जायेंगे।

### आवेदन की प्रकिया

मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कोर्स के लिएआवेदन पत्र कार्यालय जिला बाल सरंक्षण इकाई, महिला बाल विकास विभाग, सरोज गायकवाड को दुर्गा नगर मैन रोड विदिशा में संचालित कार्यलय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। अथवा आवेदिका का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति, बीपीएल कमांक, विपत्तिग्रस्त की श्रेणी, शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण प्राथमिकता में तीन ट्रेड जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते है निवास का पता, मोबाईल नम्बर आदि के साथ आवेदन ए-4 साइज के पेपर में स्वच्छता से अंकित कर प्रस्तुत किये जाये। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफभी संलग्न किये जाये। आवेदन अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई तक कार्यालयीन समय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्राप्त किये जायेंगे।

## विधायक शर्मा रात 2 बजे पुलिस की गस्त देखने पहुंचे

# थाने का गेट मिला बंद पुलिसकर्मी थे नदारद, चौकी का शटर लगा था!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रात्रि 1 के करीब बजे जब विधायक उमाकांत शर्मा पुलिस ग्राउंड पर पुलिस आम जनता के लिए कितना गंभीर होकर काम कर रही है तथ रात को पुलिस कितनी सतर्क रहती है थाने में तैनात रहती है, उसको देखने में पहुंचे तो यहां का गेट लगा हुआ था हालात ऐसे थे एक पुलिसकर्मी थाने के अंदर वाले चेनल के पास में सो रहा था बाकी स्टाफका पता नहीं था कोई भी थाने के अंदर प्रवेश करके किसी भी तरह की घटना की लूटपाट थाने में भी करके जा सकता है ।इसी तरह शहर में कहीं पुलिस सारफबाजार ओर छत्री नाके पर मिली। नवीन बस स्टैंड,वासौदा नाका रोहिल पुरा आदि स्थानों पर कोई नहीं मिल यहां से अपराधी किसी भी तरह की वारदात और चोरी चकरी को अंजाम देकर आसानी से गायब हो सकते हैं। वहीं कोई पीड़ित अपनी समस्या लेकर रात्रि में थाने पहुंचा जाएं तो उसकी सुनने वाला यहां कोई नहीं मिलेगा गेट बंद था पुलिस चौकी की सटल लगी हुई थी इसके बाद विधायक श्री शर्मा ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल कर खड़े करते हुए कहा कि ऐसे हालात में अपराधी अपराध



करके गायब हो जाएं किसी भी तरह की अनहोनी होने पर पुलिस कुछ नहीं कर पाएगी कोई सुरक्षित नहीं है चोरी और अन्य घटना रातों को कोई भी अंजाम देकर आसानी से भाग भग सकता है। जबकि लोग सोचते हैं की रात्रि में इनकी सुरक्षा पुलिस कर रही है पर ऐसे हालात नहीं दिखे। श्री शर्मा ने इसके बाद सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि टी आई ,एसडीओपी, एसपी ,कलेक्टर कमिश्नर और डीजीपी से सिरोंज की पुलिस की कार्यप्रणाली और गस्त व्यवस्था को ठीक करने के लिए ह कहा है । सबसे पहले विधायक बाजार में पहुंचे यहां की पुलिस चौकी को देखा तो इसकी सटल लगी हुई थी बाजार में पुलिस की गस्त गाड़ी भी नहीं मिली इसको प्राण सीधे थाने पहुंचे तो यहां पर काफी देर तक में गेट पर खड़े होकर पुलिसकर्मियों का आने का इंतजार करते रहे जब कोई नहीं आए तो यहां गेट खोलकर अंदर पहचे यहां भी चौनल लगा हुआ था एक पुलिसकर्मी सो रहा था उसके बाद उन विधायक ने इसे पूछा कि सभी सो रहे और स्टाफकहां है तो जवाब नहीं दे पाया यहां बहुत बड़ी गंभीर लापरवाही पुलिस की है इससे अपराधियों के हौसले बढ़ाते हैं। इसके बाद तरह-तरह के सवाल भी पुलिस के काम पर खड़े हो रहे हैं सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से चला रहा है इसके बाद कितना बदलाव पुलिसकर्मी की कार्य प्रणाली में होगा या तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा अपनी ही सरकार में विधायक को पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना पड़ रहा है ऐसे हालात बने हुए हैं। जबकि कई बार छोटी बड़ी चोरी और दुर्घटना हो चुकी है बदमाश भी घूमते रहते हैं उसको देखते हुए पुलिस को अपने काम को गंभीरता से करना चाहिए थाने का गेट तो हमेशा खुला रहना चाहिए यहां पर पुलिस पूरी मुस्तैदी से तैनात रहे । दूसरी ओर बाजार की चौकी सिर्फशोपीस बनकर रह गई है पहले भी विधायक रात्रि में पुलिस की कार्यप्रणाली देख चुके हैं तब भी हालत ठीक नहीं मिले इस बार भी हालत उन्हें अच्छे नहीं मिले हैं इनके निरीक्षण तथा वीडियो के बाद जिम्मेदारी कितनी गंभीरता से अपने काम को धरातल पर करवाएंगे और गस्त के साथ थाने के हालातों मैं कितना बदलाव देखने को मिलेगा इसका पता तो आने वाले दिनों में ही चलेगा।

**इनका कहना है**

"वीडियो की जांच करेंगे थाने का सीसी टीवी कैमरा भी देखेंगे यदि कोई पुलिसकर्मी सो रहा था तो उस पर कार्रवाई भी करेंगे व्यवस्था को और भी ठीक करने के लिए कदम उठाएंगे।"

उमेश कुमार तिवारी
एसडीओपी

## खाद्य सुरक्षा और नपा प्रशासन में मटन मीट की दुकानों की जांच साफसफाई के लिए निर्देश



**सिरोंज।** गुरुवार को नगर पालिका एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के संयुक्त दल ने हाजीपुर क्षेत्र में मटनध्चिकन फुटकर विक्रय की दुकानों पर निरीक्षण कर नियमानुसार आवेदन कर लाईसेन्स बनवाने के निर्देश दिए साथ ही दुकान के अंदर व बाहर स्वच्छता रखने और माँस को ढंक कर विक्रय करने की हिदायत दी। भगत लाइसेंस के लिए कोई मांस का विक्रय करता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही साफसफाई और खुले में मांस बेचने का कार्य किया तो जुर्माना भी लगाया जाएगा लाइसेंस भी निरस्त करने की बात कही। इस दौरान खाद्य निरीक्षक कुदसिया खान , नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, स्वच्छता निरीक्षक मनीष कुमार, दरोगा राहुल करोसिया, छोटे खान, अलीम खान आदि मौजूद थे।

## 11 तारीख तक माध्यमिक शाला के शिक्षकों को नहीं मिला वेतन

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा बड़े स्तर पर मनाए जाने के निर्देश दिए हैं और शासन के द्वारा प्रत्येक माह की 1 तारीख को शिक्षकों के वेतन देने के स्टैंडिंग आदेश है। लेकिन दुर्भाग्य माध्यमिक शालाओं में अध्यापन कराने वाले सैकड़ो शिक्षकों को वेतन प्राप्त नहीं हुआ और विभिन्न प्रकार के एरियर भी कई माह से लंबित है 10 दिन ओवर होने के बाद भी वेतन नहीं आने से शिक्षकों की हालत खराब हो उधर ही नहीं चुका पर रहे हैं जिनकी किस्त चल रही है वहां ओवरव्यू हो गए इस कारण से इनको पेनल्टी भी देनी पड़ेगी किसकी लापरवाही से इनके खातों में वेतन नहीं आई है वेतन डालने वालों की गलती है तो उन पर तत्काल कार्रवाई करके वंचित शिक्षकों के खातों में वेतन डालने का कार्य जिम्मेदारियां को करवाना चाहिए जिससे कि यह शिक्षक अपना कामकाज व्यवस्थित रूप से कर सके अभी इनकी चिंता तंखा नहीं डालने के कारण बड़ी हुई है इस तरह के हालात विकासखंड में क्यों निर्मित हुए हैं इसकी भी जांच होनी चाहिए।

# पीएम विश्वकर्मा एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में हितग्राहियों को लाभान्वित करें : कलेक्टर

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

विदिशा पीएम विश्वकर्म योजना एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का क्रियान्वयन विदिशा जिले में किया जा रहा है। जिसकी समीक्षा आज कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज गुरुवार को बैठक में की है। डीएलसीसी की बैठक में उन्होंने योजना अंतर्गत प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश दिए हैं और उन्होंने कहा है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में हितग्राहियों को लाभान्वित करें ताकि, वह अपना स्वयं का रोजगार व्यापार प्रारंभ कर सकें। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना युवाओं के लिए मध्य प्रदेश शासन की अच्छी पहल है। इस योजना में हितग्राही लाभान्वित हों यही सबक नैतिक दायित्व है।

कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि बैंक बार लक्ष्य के अनुसार आवेदन प्राप्त करते हुए स्वीकृत और वितरण कार्यों में देरी न करें प्रकरण



लंबित न रहे एवं हितग्राहियों को बैंकों के बार-बार चक्कर ना लगाना पड़े इसका भी विशेष ध्यान रखें।

पीएम विश्वकर्मा योजना - बैठक में अवगत कराया गया कि पीएम विश्वकर्म योजना अंतर्गत जिले में अब तक 1712 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 794 प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं और 680 प्रकरणों में वितरण कार्यों को पूरा किया गया है इनमें से 580 आवेदन निरस्त भी किए गए हैं जबकि 338 आवेदन लंबित हैं।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना - मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत भौतिक लक्ष्य 240 के विरुद्ध 54 प्रकरण प्रेषित किए गए हैं जिनमें से विभिन्न बैंकों द्वारा 41 प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं और 33 प्रकरणों में ऋण राशि भी जारी कर दी गई है। जबकि 13 प्रकरण अब भी लंबित हैं की जानकारियां डीएलसीसी की बैठक में प्रदर्शित की गई थी।

## डेंगू जागरूकता रथ का शुभारम आज

विदिशा डेंगू जागरूकता रथ का शुभारंभ शुक्रवार 11 जुलाई की प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर से किया जा रहा है, जिसमें विधायक एवं कलेक्टर द्वारा डेंगू जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस रथ के माध्यम से डेंगू रोग के फैलने के कारण, लक्षण एवं बचाव के संबंध में जन जागरूकता लाई जाकर डेंगू से होने वाली गंभीरता को रोकना है। यह डेंगू जागरूकता रथ विदिशा जिले के सभी विकासखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू से बचाव एवं आवश्यक सावधानी को रखने हेतु प्रचार प्रसार का कार्य करेगा।

## शहर में चंदन चोर हुए सक्रिय, पहले लगते हैं आरी फिर करते हैं चोरी



**सिरोंज।** नगर में कुछ दिनों से चंदन चोर सक्रिय हो गए हैं ऐसा प्रतीत हो रहा है विगत दो दिनों में दांगी पुर,संस्कार गार्डन के पीछे तथा लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर में से 5 पेड़ काटे लेकिन चौकीदार की सक्रियता से लकड़ी ले जाने सफल नहीं हो पाए इन चोरों के द्वारा इसको चोरी करने के लिए कोई दिन पहले हरि लगाकर छोड़ देते हैं फिर उसको पेड़ को काटकर नीचे करते हैं इसके बाद में कीमती लकड़ी को काट कर ले जाने का काम इनके द्वारा किया जाता है पहले भी कई बार चंदन की कीमती लकड़ी चोरी हो चुकी है जिस हिसाब से चंदन के पेड़ों काट उसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि कोई गिरोह इस काम में लगा हुआ दूसरी और पुलिस को चंदन चोरी करने वाले को पकड़ने के लिए अपने मुखबिर को लगाना होगा नहीं तो यहां किसी दिन बड़ी कीमती लकड़ी चोरी कर सकते हैं पहले भी कई बार चंदन चोरी हो चुकी है।

## लॉर्ड्स टेस्ट में पहले दिन का खेल खत्म, इंग्लैंड का स्कोर 251/4

# जो रूट शतक से 1 रन दूर, बेन स्टोक्स 39 रन पर नाबाद

**लंदन, एजेंसी**

**भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2024-25 का तीसरा मुकाबला गुरुवार (10 जुलाई) से लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू हुआ है। मुकाबले में पहले दिन का खेल समाप्त हो चुका है। इंग्लैंड ने पहले दिन स्टम्प तक अपनी पहली पारी में चार विकेट के नुकसान पर 251 रन बना लिए। जो रूट 99 और बेन स्टोक्स 39 रन पर नाबाद है।**

दोनों देशों के बीच सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स में खेला गया था, जिसमें मेजबान टीम ने 5 विकेट से जीत हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने शानदार कमबैक करते हुए एजबेस्टन टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 336 रनों से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबर कर ली।



ऐसी रही है इंग्लैंड की पहली पारी

पहली पारी में इंग्लैंड की शुरुआत सधी रही। बेन डकेट (23 रन) और जैक क्राउली (18 रन) ने मिलकर पहले विकेट के लिए 43 रनों की पार्टनरशिप की। नीतीश कुमार रेड्डी ने एक ही ओवर में इन दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। यहां से जो रूट और ओली पोप ने 109 रनों की पार्टनरशिप करके इंग्लैंड को संभाला। रूट ने भारत के खिलाफ शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 102 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में 3000 हजार रन भी पूरे कर लिए। भारतीय टीम को तीसरी सफलता चाय के बाद के खेल में मिली, जब रवींद्र जडेजा ने सेट हो चुके ओली पोप को विकेट के पीछे कैच आउट कराया। पोप ने 104 गेंदों पर 44 रन बनाए, जिसमें चार चौके शामिल रहे। फिर जसप्रीत बुमराह ने हैरी ब्रूक (11 रन) को बोल्ड करके भारत को चौथी सफलता दिलाई। यहां से जो रूट और बेन स्टोक्स ने नाबाद 79 रनों की पार्टनरशिप की। रूट ने 9 चौके की मदद से अब तक 191 गेंदों पर 99 रन बनाए हैं।

### इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की प्लेइंग

11 में एक-एक बदलाव हुआ। जसप्रीत बुमराह पिछले मुकाबले में रेस्ट के बाद लॉर्ड्स टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग-11 में लौटे। बुमराह ने प्रसिद्ध कृष्णा की जगह ली। दूसरी ओर जोफ्रा आर्चर को जोश टंग की जगह इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में शामिल किया गया।

**भारतीय टीम की प्लेइंग-11:** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान/विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन:** जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर

## मेजर लीग फुटबॉल में इंटर मियामी की लगातार चौथी जीत



**ईस्ट रदरफोर्ड।** लियोनल मेसी के 2 गोल की बदौलत मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में इंटर मियामी ने चौथी जीत दर्ज की है। बुधवार रात अमेरिका के गिलेट स्टेडियम में न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ इंटर मियामी ने 2-1 से जीत हासिल की।

इन दो गोलों के साथ मेसी एमएलएस इतिहास में लगातार चार लीग मैचों में दो-दो गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इन चारों मैचों में इंटर मियामी को जीत मिली है। अब इस सीजन में मेसी के 15 एमएलएस मैचों में 14 गोल हो चुके हैं। गोल्डन बूट की दौड़ में वो नैशविल के सैम सर्रिज (16 गोल) से पीछे हैं।

पहला गोल 27वें मिनट में किया

मेसी ने पहला गोल 27वें मिनट में किया, जब न्यू इंग्लैंड की डिफेंस की गलती से मिले एक हेडर को उन्होंने गोल में बदल दिया। 11 मिनट बाद मेसी ने दूसरा गोल किया, जो मैच का निर्णायक गोल साबित हुआ। उनके पुराने बार्सिलोना साथी सर्जियो बुस्केट्स ने शानदार पास दिया, जिसे मेसी ने बिल्कुल सही समय पर दौड़ लगाकर गोल में बदल दिया। कार्लेस का गोल 79वें मिनट में न्यू इंग्लैंड के कार्लेस गिल ने एक जोरदार शॉट से गोल किया। इसके बाद इंटर मियामी ने न्यू इंग्लैंड को कोई मौका नहीं दिया। टीम के गोलकीपर ऑस्कर उस्तारी ने शानदार बचाव किए।



# नोवाक जोकोविच 14वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में

### विश्व नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा मुकाबला

**लंदन, एजेंसी**

**नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा।**

अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। सात बार के विंबलडन चैंपियन ने 23 साल के कोबोली के खिलाफ अपने अनुभव का अच्छा प्रदर्शन किया। पहले गेम में शिकस्त झेलने के बावजूद जोकोविक ने हिम्मत नहीं हारी और कोर्ट पर अपनी शैली का प्रदर्शन करते हुए युवा खिलाड़ी को मात दी। इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा लेकिन विंबलडन में उन्होंने इटली के इस खिलाड़ी के खिलाफ जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने जीत हासिल की है।

### इगा स्वियाटेक पहली बार सेमीफाइनल में

इस बीच महिला एकल में इगा स्वियाटेक ने 19वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा पर 6-2, 7-5 से जीत के साथ पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक फाइनल में जगह बनाने के लिए गैर-वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से भिड़ेंगी जिन्होंने सातवीं वरीय मीरा एंड्रीवा को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराया। जोकोविच ने कहा कि मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इस समय यानिक को हराने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

## चौथा मुकाबला 6 विकेट से जीता

# भारतीय विमेंस टीम पहली बार इंग्लैंड में टी-20 सीरीज जीती




**लंदन, एजेंसी**

भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार इंग्लैंड की सरजमीं पर टी-20 सीरीज जीत ली है। टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड विमेंस टीम को 6 विकेट से हरा दिया है। टीम पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। 15 रन देकर 2 विकेट लेने वाली राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, दीप्ति शर्मा ने विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। पांचवां और आखिरी टी-20 12 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा। उसके बाद तीन मैचों की डऊक सीरीज खेली जाएगी।

स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए इंग्लैंड ने बुधवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 126 बनाए। सोफिया डंकली ने सबसे ज्यादा 22 रन की पारी खेली। भारत के लिए राधा यादव और श्री चारणी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की पारियों के दम पर भारतीय टीम ने 17 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली।

### भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए

दीप्ति ने पूरे किए 300 इंटरनेशनल विकेट दीप्ति शर्मा ने विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में उन्होंने 1 विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की। साथ ही दीप्ति अब विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में दूसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने 128 मैचों में 145 विकेट अपने नाम किए हैं। दीप्ति से आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट्ट हैं, जिनके नाम 151 विकेट हैं।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



## रामायणम में मिला हनुमान का रोल, सिर्फ 15 मिनट के लिए स्क्रीन पर दिखेंगे सनी देओल

साल 2026 मूवी लवर्स के लिए खास होने वाला है। दिवाली के मौके पर नितेश तिवारी की मचअवेटेड फिल्म रामायणम् जो रिलीज होगी। फिल्म की जबसे पहली झलक सामने आई है फैंस के दिल की धड़कनें तेज हो गई हैं। मूवी में रणबीर कपूर राम तो साई पल्लवी सीता के रोल में दिखेंगी। वहीं सनी देओल हनुमान का रोल निभाएंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं मूवी में उन्हें बस 15 मिनट का स्क्रीनटाइम मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के पहले पार्ट में गदर स्टार सनी देओल को लिमिटेड स्क्रीनटाइम मिला है। इसकी वजह ये है कि फिल्म का पहला पार्ट हनुमान की एंट्री के साथ खत्म होगा, जहां वो राम और लक्ष्मण को मां सीता को रावण के चंगुल से बचाने में मदद करने का वचन देंगे। इस वजह से सनी देओल का किरदार पहले भाग में कुछ ही मिनटों के लिए दिखेगा। हालांकि, 2027 की दिवाली पर रिलीज होने वाले दूसरे पार्ट में उनका रोल बड़ा होगा। राम और रावण के बीच युद्ध की कहानी में वो अहम रोल में दिखेंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रामायणम् के पहले पार्ट में रावण के रोल में दिखने वाले यश का किरदार भी छोटा रखा गया है। लेकिन सेकंड पार्ट में उन्हें ज्यादा कवरेज मिलने वाली है। ये फिल्म पहले दिन से फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा रही है। फिल्म के इंट्रोडक्शन वीडियो में रणबीर कपूर और यश की झलक दिखी थी। बैकग्राउंड स्कोर और कमाल का म्यूजिक देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं बनाना चाहती थीं एकता कपूर, फिर कैसे हुईं राजी?

**टीवी की सबसे चहीती बहू तुलसी अब एक नई कहानी के साथ वापस आ रही है। करीब 17 सालों के बाद प्रोड्यूसर एकता कपूर अपने हिट शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन ला रही हैं जिसके लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। इस खास मौके पर एकता ने फैंस के साथ अपनी दिल की बात भी शेयर की है।**



**एकता कपूर ने बताया शो को वापस लाने का कारण-** एकता कपूर ने अपने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने फैंस को क्योंकि सास भी कभी बहू थी दोबारा टीवी पर लाने का कारण बताया है। उनका कहना है कि वो पहले इस ख्याल से इनकार कर चुकी थीं। वो लोगों की पुरानी यादों को दोबारा नहीं छेड़ना चाहती थीं।

एकता ने अपने पोस्ट में लिखा, जब क्योंकि सास भी कभी बहू थी के 25 साल पूरे होने को आए और इसे फिर से टीवी पर ऑन-एयर करने की बातें उठने लगीं, तो मेरा पहला रिएक्शन था नहीं! बिल्कुल नहीं। मैं क्यों उस पुरानी याद को छेड़ना चाहूंगी? जो लोग पुरानी याद को समझते हैं, वो जानते हैं कि उन यादों से कभी जीता नहीं जा सकता। वो हमेशा स्पेशल रही हैं और रहेंगी। हम अपने बचपन को जैसे याद करते हैं और वो असल में जैसा रहा है, दोनों में फर्क है और रहेगा भी। साथ ही टीवी की दुनिया अब बहुत बदल चुकी है। एक वक्त था जब सिर्फ 9 शहरों में हमारी ऑडियंस की संख्या बंटी हुई थी। आज वही संख्या कई अलग-अलग टुकड़ों में बंट गई है, अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर फैल चुकी है।

### टीवी की दुनिया में आया बदलाव, शो ने दी महिलाओं को आवाज

एकता ने आगे उनके शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी की विरासत और उससे आए बदलाव पर बात की। उन्होंने लिखा, क्या ये शो की उस विरासत को संभाल पाएंगे ? उस ऐतिहासिक ञ्ञक्को जो फिर कभी किसी और सीरियल को नहीं मिली। लेकिन क्या ञ्ञक्कही उस शो की असली विरासत थी? क्या वो बस नंबर्स का खेल था? एक इंटरनेशनल संस्था की रिसर्च में सामने आया कि इस शो ने भारतीय घरों की महिलाओं को एक आवाज दी। 2000 से 2005 के बीच पहली बार औरतें घर की बातचीत में हिस्सा लेने लगीं। एक बदलाव जो सीधे तौर पर भारतीय टेलीविजन और खासकर क्योंकि सास भी कभी बहू थी और कहानी घर घर की जैसे सीरियल्स से हुआ था। क्योंकि सास भी।।। एक ग्लोबल एंबेसडर बन गया था, जिसने भारत की कहानी को दुनिया भर में पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था।



**मेट्रो बाजार**

## रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही किसी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद के बीच रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बढ़त के साथ बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया85.62 पर मजबूती के साथ खुला। दिन में 85.69 से 85.53 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में यह 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.73 पर स्थिर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.41 पर आ गया। स्थानीय शेयर बाजार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 345.80 अंक की गिरावट के साथ 83,190.28 अंक पर आ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 120.85 अंक फिसलकर 25,355.25 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69.95 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को लिवाल रहे थे । और उन्होंने शुद्ध रूप से 77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## आम के उत्पादन में भारत बना नंबर 1, यूपी बना सबसे बड़ा उत्पादक राज्य



**नई दिल्ली।** आम को यूं ही ÷फलों का राजा÷ नहीं कहा जाता – इसका स्वाद, खुशबू और विविधता भारत की मिट्टी से गहराई से जुड़ी है। भारत न केवल आम का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश भी है। वैश्विक आम उत्पादन का लगभग 45त्न अकेले भारत में होता है। हर साल भारत में करीब 2.5 करोड़ टन आम का उत्पादन होता है, जबकि दूसरे नंबर पर आने वाला देश इंडोनेशिया महज 36 लाख टन आम पैदा करता है। इसके बाद चीन (33 लाख टन), थाईलैंड, मेक्सिको और पाकिस्तान का नंबर आता है। नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत में उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में सबसे आगे है। राज्य में हर साल लगभग 60 लाख टन आम का उत्पादन होता है, जो देश के कुल उत्पादन का 25 फीसदी से अधिक है।

राज्यवार उत्पादन (सालाना अनुमानित)

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 60 लाख टन |
| आंध्र प्रदेश | 50 लाख टन |
| बिहार | 15.8 लाख टन |
| कर्नाटक | 14.5 लाख टन |
| गुजरात | 11.15 लाख टन |
| मध्य प्रदेश | 9.65 लाख टन |
| तमिलनाडु | 9.5 लाख टन |
| तेलंगाना | 9.4 लाख टन |
| ओडिशा | 8.9 लाख टन |
| पश्चिम बंगाल | 8.8 लाख टन |

# सेल्समैन ने व्यापारी के साथ मिलकर कंपनी को लगाया 36 लाख का चूना

## जांच होने पर नए नाम से दुकान खोलकर बेचा माल, अवधपुरी पुलिस ने दर्ज की धोखाधड़ी की एफआईआर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

आटा, बेसन, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर व पिसे मसालों का उत्पादन करने वाली विहान कंपनी को कंपनी के सेल्समैन ने व्यापारी के साथ मिलकर 36 लाख रुपए का चूना लगा दिया। कंपनी के नियमों को ताक पर रखकर सेल्समैन माल सप्लाई का पूरा पैसा न लेकर सिफ़्र 50 फीसदी रकम ले रहा था। इतना ही नहीं, यह जानते हुए कि व्यापारी के बैंक अकाउंट में रकम नहीं है, उसने 10 चेक ले लिए। अवधपुरी पुलिस ने कंपनी के सीईओ की शिकायत पर सेल्समैन व व्यापारी के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दजज़ किया है।

पुलिस के मुताबिक पल्लवी नगर बावड़िया कला शाहपुरा निवासी विकास शवानी (45) विहान इंटरप्राइजेज प्राइवेट




लिमिटेड कंपनी में सीईओ के पद पर हैं, जबकि कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर रामकिशन दुबे हैं। कंपनी का हेड ऑफिस पल्लवी नगर में है और यह कंपनी आटा, बेसन, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, पिसे मसाले का उत्पादन करती है। सेल्स एजेंट्स के माध्यम से बाजार में माल सप्लाई किया जाता है। मनीष चौरसिया को सेल्समैन के पद पर फरवरी 2024 को नियुक्त किया गया, जिसका काम माकेज़्ट में आडज़्र लेकर माल सप्लाई कराना और बेचे हुए माल की रकम माकेज़्ट से लेकर कंपनी में जमा कराना था। मनीष चौरसिया ने राहुल ट्रेडसज़ के मालिक राहुल ठाकुर को आटा, बेसन व मसाले बेचे थे। इसका गोदाम ऋषिपुरम अवधपुरी में है। इसमें एक करोड़ 14 लाख रुपए का आटा, 11 लाख एक हजार रुपए का बेसन व 45 लाख रुपए के मसाले सप्लाई किए गए थे। कंपनी के नियम के अनुसार मनीष चौरसिया को हर बेचे माल की पूरी अदायगी के बाद दूसरा माल देना था, लेकिन उसने हर बिल के एवज में सिफ़्र 50 फीसदी रकम जमा कराई और दूसरा माल देता गया। माल सप्लाई का करीब 34 लाख रुपए कंपनी में जमा नहीं कराया।

### नए नाम से दुकान खोलकर बेचा माल

विकास शवानी ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि मनीष चौरसिया ने राहुल ठाकुर के साथ मिलकर धोखाधड़ी की है। नवंबर 2024 में कंपनी की ओर से मनीष चौरसिया को लिखित सूचना दी गई कि कंपनी की फाइनेंस टीम इस मामले की जांच कर रही है। इसके बावजूद मनीष चौरसिया ने फिर से राहुल ठाकुर के साथ मिलकर स्वास्तिक इंटरप्राइजेज प्रगति नगर अवधपुरी, दीपक ट्रेडसज़ अयोध्या नगर, नेशनल इंटरप्राइजेज, राजधानी पारस सिटी ट्रांसपोटज़ नगर कोकता में नए नाम से दुकान खोलकर राहुल ठाकुर को विहान इंटरप्राइजेज कंपनी का माल देना शुरू कर दिया। आरोपी मनीष ने करीब 36 लाख एक हजार रुपए का लाभ राहुल ठाकुर को पहुंचाकर अमानत में खयानत की है। आरोपी राहुल ठाकुर ने यह जानते हुए कि उसके बैंक खाते में रकम नहीं है, 10 चेक आरोपी मनीष को दिए थे और मनीष को भी मालूम था कि राहुल के खाते में पैसे नहीं है, इसके बावजूद उसने 10 चेक ले लिए। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद आरोपी मनीष चौरसिया व राहुल ठाकुर के खिलाफ प्रकरण दजज़ किया है।

## भाई-भाभियों की प्रताड़ना से तंग आकर क्रेन ऑपरेटर ने लगाई थी फांसी

**भोपाल।** ऐशबाग की बिस्मिल्लाह कॉलोनी में 21 जून की रात क्रेन ऑपरेटर की फांसी लगाकर आत्महत्या मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दजज़ किया है। पुलिस को एक डायरी मिली थी जिसमें युवक ने भाई-भाभियों की प्रताड?ा से तंग आकर आत्महत्या करने का जिक्र किया था। करीब एक माह चली जांच के बाद बाद पुलिस ने मृतक के तीन भाइयों दो भाभियों समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दजज़ किया है।

**तीन भाइयों व दो भाभियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज**

पुलिस के मुताबिक बिस्मिल्लाह कॉलोनी ऐशबाग निवासी मुशरफ़खान (22) क्रेन ऑपरेटर था। परिवार में माता-पिता के अलावा चार भाई व पांच बहनें हैं। सभी बहनों व दो भाइयों की शादी हो चुकी है। विगत 21 जून की रात दस बजे मुशरफ खान ने दूसरी मंजिल पर बने शेड की पाइप में फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। एसआई प्रदीप गुजर ने बताया कि मृतक के कमरे से डायरी मिली थी। भाई व भाभियों के नाम लिखकर लिखा था कि मैं अपने भाई व भाभियों से परेशान होकर खुदकुशी कर रहा हूं। ये लोग आए दिन मेरे साथ मारपीट करते हैं। परिजनों के बयान व सुसाइड नोट की जांच रिपोटज़ आने के बाद पुलिस ने इमरान, बिलाल, अशरफ अमरीन उफ़्र हुस्ना बानो व शबनम के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## सीढ़ियों पर बैठा मजदूर हुआ बेहोश, मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी में निमाणज़धीन मकान में काम कर रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दरअसल, सुबह से दोपहर तक उसने काम किया फिर खाने की छुट्टी होने पर सीढ़ियों पर बैठकर खाना खाने की तैयारी कर रहा था, तभी बेसुध हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मुन्ना पिता तिलकचंद (50) जाटखेड़ी मिसरोद में रहता था। मुन्ना के पड़ोस में एक मकान का निमाज़्ण हो रहा है। निमाज़्ण कायज़ के लिए मुन्ना गुरुवार सुबह काम पर गया था। उसने सुबह से दोपहर दो बजे तक काम किया। इसके बाद खाने की छुट्टी हुई और वह सीढ़ियों पर बैठकर खाना खाने की तैयारी कर रहा था, तभी अचानक चक्कर आए और वह सीढ़ियों पर ही बेसुध होकर गिर गया। नजर पड़ने पर वहां मौजूद मजदूर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां पता चला कि मुन्ना की मौत हो चुकी है। अनुमान है कि उसे हाटज़ अटैक आया है।

## पड़ोसी का कुत्ता लपका, मासूम गिरी हाथ में फैक्चर

**भोपाल।** इंज़्टखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गणेश चौक पर गुरुवार शाम पड़ोसी के खूंखार कुत्ते के लपकने से चार साल की मासूम गिर गई। उसके हाथ में फैक्चर आया है। गनीमत रही कि उसे कुत्ते ने काटा नहीं। पुलिस ने बच्ची के पिता की शिकायत पर कुत्ते के मालिक पर प्रकरण दजज़ कर लिया है। पुलिस के अनुसार संजय अहिरवार गणेश चौक लांबाखेड़ा में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पड़ोस में अजय अहिरवार रहता है और उसने खूंखार कुत्ता पाल रखा है।

### मुंबई की कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने की छापेमारी, 13 लाख का माल जब्त

# ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बनाया जा रहा था गाड़ियों में डालने वाला यूरिया



**भोपाल।** सूखी सेवनिया की एक गोदाम में ब्रांडेड कंपनियों के नाम से डुप्लीकेट यूरिया बनाया और पैक किया जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस ने गल्फएएल कंपनी के रीजनल मैनजर के साथ मिलकर गोदाम पर छापेमारी कर दी। करीब 13 लाख रुपए का विभिन्न कंपनियों का एडब्लू (यूरिया) व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत प्रकरण दजज़ किया है।

पुलिस के मुताबिक ईटखेड़ी थाने से सूचना मिली कि सैनी चौराहे के पास मिथुन सैनी के मकान में किराए से संचालित हो रहे गोदाम में गल्फएएल, टाटा मोटसज़, आयशर, महिन्द्रा, भारत बैंज के एडब्लू (यूरिया) हैं। वहां गल्फएएल कंपनी मुंबई के रीजनल मैनेजर आशीष भागवतकर (49) भी मौजूद हैं। अवैध रूप से संचालित हो रहे गोदाम में गल्फएएल के नाम से एडब्लू (यूरिया डीआईएफ) का भडारण व विक्रय किया जा रहा है। इससे असली एल्फएएल कंपनी को नुकसान हो रहा है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गोदाम की तलाशी ली। तलाशी के दौरान गल्फ एएल, टाटा मोटसज़, भारत बैंज, महिन्द्रा, आयशर समेत अन्य कंपनियों का डुप्लीकेट माल रखा मिला। गोदाम के कमज़्चारी हिम्मत सिंह जाटव से पूछताछ करने पर गोदाम जगदीश वसंतानी निवासी सिंधी कॉलोनी का होना बताया। कमज़्चारी से गोदाम मालिक का नंबर लेकर संपकज़ करने का प्रयास किया गया। उनसे गोदाम में चल रहे यूरिया के फिलिंग कायज़ व डिस्ट्रीब्यूशन और गोदाम के दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई। इस पर जगदीश वसंतानी ने कहा कि उसके पास कोई दस्तावेज नहीं है। इस समय वह शहर से बाहर है। कमज़्चारी ने बताया कि वह करीब दो साल से गोदाम में काम कर रहा है और जगदीश वसंतानी के कहने पर ही यूरिया को बाल्टियों में भरना बताया। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी का कहना है कि गोदाम से ब्रांडेड कंपनियों के नाम से पैक किया जा रहा करीब 13 लाख रुपए का डुप्लीकेट माल बरामद किया गया है।

### गोदाम से बरामद होने वाला माल

195 नग गल्फएएल के डुप्लीकेट खाली ढक्कन, 158 नग गल्फ एएल की खाली बाल्टियां, 175 नग गल्फएएल की भरी बाल्टियां, 130 नग टाटा मोटसज़ के खाली ढक्कन, 479 नग टाटा मोटसज़ की भरी बाल्टियां, एक नग टाटा मोटसज़ की खाली बाल्टी, 16 नग होलोग्राम स्टीकर, 172 नग भारत बैंज की भरी बाल्टियां, 28 नग महिंद्रा की भरी बाल्टियां, 15 नग महिंद्रा की खाली बाल्टियां, 15 नग महिंद्रा के खाली ढक्कन, एक नग आयशर की खाली बाल्टी, एक नग फिलिंग पाइप, एक नग पीआईयूएसआई मोटर, एक नग एचपी मोटर, 101 नग खाली बाल्टियों के हैंडल, 10 नग खाली आईबीसी टैंक प्रत्येक 1000 लीटर क्षमता वाले समेत बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत 13 लाख रुपए बताई गई है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत



**भोपाल।** इंज़्टखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित टेल्स मैरिज गाडज़्न के पास परवलिया की ओर जाने वाली सड़क पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। सिर से पहिया गुजरने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई?थी। हादसा गुरुवार रात करीब 9 बजे के आसपास का है। पुलिस ने मगज़ कायम कर शव पीएम के लिए मचूरज़ी भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन चालक और वाहन की तलाश कर रही है। एसआई नवीन कुमार ने बताया कि महेंद्र सिंह दांगी पिता किशनलाल दांगी (38) गांव हिनोती, अहमदपुर, जिला सीहोर का रहने वाला था और गंजबासौदा वाइन शॉप में सेल्समैन का काम करता?था। गुरुवार रात वह अपनी बाइक से गांव जाने के लिए निकला था। वह इंज़्टखेड़ी से परवलिया की तरफ जाने वाली सड़क से गांव जा रहा था, तभी टेल्स मैरिज गाडज़्न के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरा?था और अज्ञात वाहन का पहिया उसके सिर पर से गुजरा है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महेंद्र का शव पीएम के लिए मचूरज़ी भेज दिया है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

**सिर से पहिया गुजरने से मौके पर हो गई थी मौत**

## 10 साल की बालिका से दुष्कर्म सौतेले पिता को 20 साल जेल

**भोपाल।** 10 साल की बालिका से दुष्कमज़ करने वाले सौतेले पिता को न्यायालय ने 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर जुमानज़ भी लगाया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल की अदालत ने सुनाया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्यान शुक्ला एवं ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई है। लोक अभियोजक के अनुसार, 6 मई 2020 को पीड़िता ने अपनी मां के साथ कोहेफिजा थाने पहुंचकर रिपोटज़ दजज़ कराई थी। कक्षा चौथी कक्षा मे पढ़ती थी पीड़िता के पिता ने पीड़िता और उसकी मां को छोड दिया था। मां ने दूसरी शादी की थी और परिवार चलाने के लिए झाड़ू-पोछा एंव बतज़्न धोने के काम करती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि लॉकडाउन होने के कारण पीड़िता घर मे मेरे सौतले पिता के साथ रहती थी, जब मां काम पर चली जाती थी, तब आरोपी पिता उसके साथ गलत काम करता था, और कई बार दुष्कमज़ किया। वह धमकी देकर कहता कि किसी को कुछ भी बताया तो तेरी मां को चूह मारने वाली दवाई खिलाकर मार देगा।

### पीड़िता को 4 लाख रूपए प्रतिकर :

न्यायालय ने आदेश में कहा है कि प्रत्येक अव्यस्क बालिका की मानसिकता व प्रतिक्रया की क्षमता व परिस्थितियां पृथक होती है। घटना के बाद किस प्रकार व्यवहार करे, इस संबंध में एक मानक व्यवहार की कल्पना नहीं की जा सकती। अंदर उद्वेलित रहते हुए कि बाहर हमारा व्यवहार सामान्य रह सकता है, यह भी संभव है। पीड़िता की आगे की पढाई एवं भविष्य की जरूरतों को देखते न्यायालय ने 4 लाख रूपए का प्रतिकर राशि दिए जाने के आदेश भी पारित किए है।

## अशोका गार्डन से लोडिंग आटो व बाइक ले उड़े

**भोपाल।** राजधानी में सक्रिय वाहन चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अशोका गाडज़्न इलाके से एक लोडिंग आटो और एक बाइक चोरी हो गई। वहीं एक कारखाने से करीब पच्चीस हजार का सामान चोरी चला गया। पुलिस ने सभी मामलों में केस दजज़ कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संतोष कुमार राय (43) कृष्णा नगर बरखेड़ा पठानी में रहते हैं और कोरियर का काम करते हैं। रात करीब साढ़े नौ बजे उन्होंने अपना लोडिंग आटो औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा स्थित एक फैक्ट्री के सामने खड़ा किया और अंदर चले गए। करीब एक घंटे बाद वापस लौटे तो उनका लोडिंग वाहन गायब हो चुका था। आसपास तलाश करने के बाद भी जब लोडिंग का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोटज़ दजज़ कराई। इसी इलाके में घर के सामने खड़ी एक बाइक चोरी हो गयी। जानकारी के अनुसार भागचंद मंडराई रूपनगर गोविंदपुरा में रहता है और मोची की दुकान चलाता है। पिछले दिनों उसने अपनी बाइक अपने दोस्त सोहेल को चलाने के लिए दी थी। रात के समय सोहेल ने बाइक सुंदर नगर स्थित अपने घर के सामने खड़ी की और अंदर चला गया।

## छह महीने से फरार कुख्यात बदमाश सोनू एंजिल गिरफ्तार

### हत्या के प्रयास में था आरोपी, गिरफ्तारी के समय पुलिस पर हमला करने की कोशिश

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कमला नगर पुलिस ने हत्या का प्रयास के एक आरोपी सोनू एंजिल को शाहपुरा से गिरफ्तार किया है। हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी 6 महीने से फरार था। सूचना मिलने पर गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पाटीज़ पर आरोपी ने हमला करने की कोशिश की। हालांकि पयाज़्स पुलिसबल होने के कारण वह पुलिस पाटीज़ पर हमला करने में असफल हो गया। पुलिस ने कोटज़ में पेश करने से पहले आरोपी का सावज़्जनिक स्थलों से जुलूस निकाला, ताकि आरोपी का आमजन में भय कम हो सके।

पुलिस ने बताया कि अंबेडकर नगर निवासी प्रशांत डोंगरे ने विगत 18 जनवरी 2025 को रिपोटज़ दजज़ कराते हुए बताया कि दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बदमाश सोनू एंजिल व मयूर ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया। पुलिस ने हत्या का प्रयास का प्रकरण दजज़ कर गंभीर रूप से घायल प्रशांत को अस्पताल में भतीज़ कराया था। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार थे।

पुलिस ने कई बार उनके घर व संभावित ठिकानों पर दबिश दी लेकिन उनका सुराग नहीं लग सका। इसी तारतम्य में विगत 9 जुलाई को सूचना मिली कि आरोपी सोनू एंजिल त्रिलंगा शाहपुरा स्थित मॉल के पास घूम रहा है। संभवत: वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही करीब आधा दजज़्न पुलिसकमिज़्यों ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेना चाहा। लेकिन आरोपी ने पुलिसकमिज़्यों के साथ झूमाझटकी कर गिरफ्तार का विरोध किया। लोगों का कहना है कि यदि अधिक संख्या में पुलिसकमीज़ मौके पर न होते तो आरोपी हमला करने में कामयाब हो जाता था। आरोपी सोनू एंजिल उफ़्र तरुण पाल सिंह उफ़्र जितेन्द्र सिंह (35) निवासी कान्हाकुंज कोलार को गुरुवार को कोटज़ में पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि प्रकरण के दूसरे आरोपी मयूर की गिरफ्तारी के लिए आरोपी सोनू एंजिल से पूछताछ की गई।

**मेट्रो एंकर**

### क्यूनेट प्लेटफार्म में बिजनेस स्टार्टअप व अच्छा मुनाफा बताकर की ठगी

# सहकर्मियों ने महिला को ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लगाया 3 लाख 30 हजार का चूना

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ऑनलाइन ट्रैडिंग बिजनेस के नाम पर महिला से सहकमिज़्यों द्वारा 3 लाख 30 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महिला को जब पता चला कि यह बिजनेस फ्रॉड है और लोगों को फंसाने के बदले कमीशन मिलता है तो उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे। इस पर आरोपी महिला ने रुपए नहीं लौटाए। अपने रुपए वापस मांगने पर आरोपी महिला ने बच्चों को जान से खत्म करने की धमकी तक दी थी। फरियादी महिला ने घटना की शिकायत क्राइम ब्रांच पहुंचकर की। क्राइम ब्रांच ने आरोपी महिला सहित तीन पर धोखाधड़ी की एफआईआर दजज़ की है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार मीनाक्षी पटेल पति अशोक पटेल (40) आधारशिला, अवधपुरी में रहती हैं। उन्होंने क्राइम ब्रांच को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उनके साथ

### अपने रुपए वापस मांगे तो बच्चों को जान से खत्म करने की दी धमकी

काम करने वाली पूणिज़्मा पटेल व रवि कुमार पटेल सहित फरीन खान ने मिलकर क्यूनेट प्लेटफमज़ में बिजनेस स्टाटज़अप करने व अच्छा मुनाफा का प्रलोभन देकर उनके साथ 3 लाख 30 हजार रुपए की ठगी की है।

सहकमीज़ पूणिज़्मा पटेल ने ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम पर डेढ़ लाख रुपए 22 माचज़ 2023 को अपने अकाउंट में फोन पे के माध्यम से लिए। उसने कहा कि यह विजनेस का स्टाटअप है। इससे आपका 103 वषज़ तक का वैध लायसेंस बनेगा। माइक्रो सॉफ्ट कंपनी आपको वचुज़अल ऑफिस डिजाइन कर देगी। इससे आप घर बैठकर खाली समय में ट्रेडिंग कर सकती है।

बाद 14 अप्रेल को ट्रेडिंग के नाम पर 80 हजार रुपए पूणिज़्मा ने अपनी सीनियर फरहीन खान के खाते में फोन-पे पर ट्रांसफर करावाए। अब तक मीनाक्षी को पता नहीं था कि काम क्या करना है। आरोपियों द्वारा बताया गया कि अभी आप ट्रेनिंग पीरियड में हो। इसके बाद 4 अगस्त 2023 को 98 हजार रुपए फिर फोन-पे पर लिए गए। कुछ समय बाद मीनाक्षी को पता चला कि यह बिजनेस फ्रॉड है क्योंकि यहां पर फंसाने का कमिशन मिलता है। इस पर मीनाक्षी ने पूणिज़्मा पटेल से अपने पैसे वापस करने को कहा तो उसने धमकी देते हुए कहा कि तेरे पैसे वापस नहीं होंगे। तूने मुझे ज्यादा परेशान किया तो तेरे बच्चों के साथ कुछ भी करवा सकती हूं।

## रेस्टोरेंट संचालक ने फांसी लगाकर दी जान

**पंखे के कुंदे पर स्टॉल के सहारे लटकी मिली पुरानी लाश**

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सागर गोल्डन पाम सिटी में गुरुवार दोपहर रेस्टोरेंट संचालक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। कॉलोनी के गाडज़ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मगज़ कायम कर शव पीएम के लिए मचूरज़ी भेज दिया है। कमरे की तलाश लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। एएसआई निमज़्ल विश्वकमाज़ ने बताया कि विजय मिश्रा पिता हरिशंकर मिश्रा (33) सागर गोल्डन पाम, कटारा हिल्स में किराए के फ्लैट में रहता था और अटलांटिस कॉलोनी के पास रेस्टोरेंट का संचालन करता था। विजय फ्लैट पर अकेला रहता था। करीब तीन दिन से उसने रेस्टोरेंट नहीं खोला है। गुरुवार दोहपर रेस्टोरेंट के कमज़्चारी ने विजय को कॉल किया, लेकिन विजय से संपकज़ नहीं हो सका। कमज़्चारी विजय के फ्लैट पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था और बदबू आ रही थी। उसने कॉलोनी के गाडज़ को सूचना दी। गाडज़ फ्लैट के बाहर पहुंचा तो उसे भी बदबू आई और उसने पुलिस को सूचना दी। साथ ही विजय के भाई सुनील मिश्रा को भी बताया। पुलिस और सुनील मिश्रा फ्लैट पर पहुंचे। इसके बाद किसी तरह दरवाजा खोला गया। दरवाजा खोलने पर पता चला कि विजय ने पंखे के लिए बनाए गए हुक पर स्टॉल का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या की वजह पता नहीं चल सकी है। साथ ही मृतक के भाई सुनील मिश्रा से प्राथमिक की गई, लेकिन आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**कार्यकारी संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022